डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 16.12.2024 से 22.12.2024

▶ वर्ष-41 ▶ अंक-51 ▶ मूल्य ₹ 10.00

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों की दी जानकारी

# प्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ जनता की खुशहाली के लिये संकल्पित है प्रदेश सरकार



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए*

**भोपाल,** मध्यप्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प की पूर्ति के लिये GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण) पर आधारित चार मुख्य स्तंभों का उल्लेख करते हुए प्रदेश सरकार के रोडमैप की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसम्बर को छतरपुर में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करने आ रहे हैं। इसके बाद फरवरी-2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी प्रधानमंत्री जी पधारेंगे। मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में एक वर्ष में हुए विकास और उपलब्धियों को साझा किया।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और जनकल्याण पर्व

- 11 दिसम्बर से जनकल्याण पर्व शुरू किया गया है।
- जन-कल्याण पर्व में विभिन्न विभागों की गतिविधियां, विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन होगा।

### गरीब कल्याण के लिए

- इंदौर के हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों की लंबित राशि 224 करोड़ रुपये का भुगतान।
- संबल 2.0 के अंतर्गत 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में प्रतिमाह 55 लाख हितग्राहियों को 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का अंतरण।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 36 लाख से अधिक परिवारों और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 8 लाख से अधिक परिवारों का साकार हुआ घर का सपना।

### किसान कल्याण के लिए

- रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को 1 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 3900 रूपये प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।
- राजस्व महाअभियान के दो चरणों में 80 लाख से अधिक लंबित प्रकरणों का निपटारा।

### युवाओं के लिए

- प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपति अब कुलगुरु कहलाएंगे।
- राज्यस्तरीयरोज़गारदिवसअवसरपररिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ रुपये का स्व-रोज़गार ऋण वितरित।
- आगामी 5 वर्ष में 2.50 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने का लक्ष्य।
- गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के उद्देश्य से 55 जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ।

### महिला सशक्तिकरण के लिए

- शासकीय सेवाओं में महिलाओं को अब 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।
- लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ बहनों को जनवरी 2024 से अब तक 19 हजार 212 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण।
- महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए 850 एमएसएमई इकाइयों को 275 करोड़ रुपये का अंतरण।
- सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना में 19 लाख से अधिक बालिकाओं को 57 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि अंतरित।

### उद्योग एवं रोजगार से संवरेगा मध्यप्रदेश का भविष्य

- वर्ष 2025 औद्योगिक वर्ष के रूप में घोषित।
- अब तक 6 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से रु. 2.07 लाख करोड़, रोड-शो कार्यक्रमों में रुपये 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश।
- खनन कॉन्क्लेव में रुपये 20 हजार करोड़ और यू.के. और जर्मनी की यात्रा में रुपये 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त।

### समृद्ध हो रही संस्कृति

- श्रीकृष्ण पाथेय और श्रीराम वन गमन पथ के निर्माण का निर्णय।
- प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया।

### सुशासन के लिये प्रतिबद्ध

- साइबर तहसील से नामांतरण और बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण प्रारंभ किया गया।
- संपत्ति के ई-पंजीयन एवं ई-स्टेम्पिंग के माध्यम से रजिस्ट्री हेतु संपदा 2.0 शुरू।
- थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य।

### आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

- उज्जैन को मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी की सौगात।
- पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा से गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को एयरलिफ्ट की सुविधा।

### गौ-संरक्षण एवं संवर्धन

- वर्ष 2024 गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में घोषित।

## अधोसंरचना विकास

- 14440 करोड़ रुपये की लागत से भोपाल एवं इंदौर में मेट्रो रेल निर्माणाधीन।

### मध्यप्रदेश का रोड-मेप

- प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करेंगे।

### कृषकों को सौर ऊर्जा

- एक लाख 25 हजार अस्थाई विद्युत कनेक्शन वाले कृषकों को सौर ऊर्जा पम्प की सौगात।

### कृषि फसलों के विविधिकरण की पहल

- प्रदेश में वर्तमान में 50 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र है। अगले पाँच वर्षों में 1 करोड़ हेक्टेयर किया जायेगा।

### पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज

- वर्तमान में 17 शासकीय मेडिकल कॉलेज हैं तथा 13 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं। पीपीपी मोड पर 12 और 8 शासकीय मेडिकल कॉलेज चालू किये जायेंगे।

### खाली मिलों की भूमि पर शहरी प्रोजेक्ट

- खाली मिलों व खाली पड़ी शासकीय भूमियों पर शहरी प्रोजेक्ट लांन्च किए जायेंगे।

### उज्जैन का विकास

- हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन का विकास किया जायेगा।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## विरासत के साथ विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प का एक वर्ष

*डॉ. मोहन यादव*

देश का हृदय प्रांत मध्यप्रदेश गौरवशाली इतिहास और विश्वविख्यात सांस्कृतिक परंपराओं के लिये प्रसिद्ध है। सृष्टि के आरंभ से लेकर अब तक मानव सभ्यता के कई चिन्ह मध्यप्रदेश की धरती पर हैं। यहां पर्याप्त भू-संपदा, वन-संपदा, जल-संपदा और खनिज-संपदा है। हम विगत एक वर्ष में विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के साथ प्रदेश की विरासत को सहेजने के संकल्प को लेकर आगे बढ़े हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार का लाभ मध्यप्रदेश और प्रदेशवासियों को मिल रहा है। इस विशेष संयोग में प्रदेश ने नवाचारों के साथ विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इन दिनों प्रदेश में जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। यह प्रदेश की समृद्धि का उत्सव है। इसमें भविष्य की कई संभावनाएं आकार लेंगी। शासन-प्रशासन और प्रदेशवासी सभी मिलकर विकास की गंगा बहाएंगे। आपकी सरकार, आपके द्वार होगी और जनता के हित जनता तक पहुंचेंगे। इसमें नई सौगातें भी शामिल होंगी।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो के स्वप्न को मध्यप्रदेश में धरातल पर उतारा जा रहा है। 17 दिसंबर को पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना तथा 25 दिसंबर को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किया जायेगा। यह आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश देश में पहला ऐसा राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इससे जलस्रोत परस्पर जुड़ेंगे तो धरती का जल स्तर सुधरेगा, हमारे गांव और क्षेत्रों को पानी सुलभ होगा तथा अन्नदाता को सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिलेगा। प्रदेश में जिस तरह कृषि, उद्योग, पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन के लिये संभावनाएं विकसित हो रही हैं। इसमें औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति की त्रिवेणी से गरीबी पूर्णतः समाप्त हो जायेगी।

पिछले दिनों रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश के गांव-गांव को औद्योगीकरण और आधुनिक उत्पाद से जोड़ने का प्रयत्न किया गया। भविष्य में जिला स्तर पर भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होंगी। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुंबई में रोड-शो और यूके-जर्मनी के उद्योगपतियों को निवेश के लिये प्रदेश में आमंत्रित करना उद्योग विस्तार का उपक्रम है। क्षेत्रीयता से लेकर ग्लोबल स्तर तक उद्योग के लिये किया गया यह पहला नवाचार है।

प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत निर्माण के लिये ज्ञान (GYAN) गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के सम्मान की बात कही है। हमने इन्हीं 4 आधार स्तंभों पर केंद्रित समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया है। प्रदेश सरकार गरीब कल्याण, युवा शक्ति, किसान-कल्याण और नारी शक्ति मिशन लागू करने जा रही है।

हमारा लक्ष्य है अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हो, उन्हें बेहतर भविष्य निर्माण का अवसर मिले। प्रदेश में हर गरीब की पढ़ाई, लिखाई, दवाई, नौकरी और रहने-खाने से लेकर जीवन की हर जरूरत को सरकार पूरा कर रही है। अब गरीब-कल्याण मिशन की गतिविधियों और कार्यों से हर गरीब के जीवन-स्तर में सुधार आयेगा, उनकी समृद्धि से प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। यह गरीबों के प्रति हमारी संवेदनशीलता है कि हुकुमचंद मिल के 30 साल पुराने विवाद एवं श्रमिकों की मिल से जुड़ी हर समस्या का हल निकाला और उन्हें उनका अधिकार दिलाया है, वहीं गंभीर बीमारी के गरीब मरीजों के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा भी शुरू की है।

राष्ट्र को समृद्ध बनाने की शक्ति युवाओं में है। आवश्यक है कि युवा कर्मशील हो, विचारशील हो और अपनी परंपराओं से जुड़ा हुआ हो। इसी अनुरूप युवाओं को शिक्षण और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू हुई। प्रदेश के सभी जिलों में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी, भारतीय ज्ञान परंपरा और युगानुकूल शिक्षा के समावेश से युवाओं को अपनी समृद्ध विरासत का ज्ञान होगा और भविष्य निर्माण के द्वार खुलेंगे। हर विकासखंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से गांव-गांव से खेल प्रतिभाएं उभरकर आएंगी।

युवा शक्ति मिशन में प्रदेश के युवाओं की शिक्षा, आधुनिक तकनीकी में योग्यता और कौशल निर्माण के साथ सर्वांगीण विकास की लक्ष्य प्राप्ति शामिल है। प्रदेश में स्किल्ड युवा अपना स्व-रोज़गार स्थापित कर रहे हैं। वहीं शासकीय सेवाओं में लगभग ढाई लाख युवाओं की भर्ती का अभियान भी शुरू हो गया है।

मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रांत है। किसान कल्याण मिशन में कृषि की उपज बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास किये जायेंगे। अगले 5 वर्ष में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से 1 करोड़ हेक्टेयर किया जायेगा। अन्नदाता को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने के साथ खाद, बीज से लेकर उपज की बिक्री तक की व्यवस्था की गई है। किसानों के खेत में सोलर पंप लगाए जाएंगे, जिससे वे अपने उपयोग के लिये अपनी बिजली स्वयं बनायेंगे।

(शेष पृष्ठ 12 पर...)




## 7 दिसम्बर

### देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे

● केंद्रीय कैबिनेट ने देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालय




खोलने की मंजूरी दे दी है। नए नवोदय विद्यालय उन जिलों में खुलेंगे, जहां फिलहाल नहीं हैं। यह फैसला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नए केंद्रीय विद्यालयों से 82,560 छात्रों और नए नवोदय विद्यालय से 15,680 छात्रों को लाभ होगा। मध्यप्रदेश में 11, आंध्रप्रदेश में आठ और उत्तरप्रदेश में पांच केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश में आठ, तेलंगाना में सात और असम में छह नवोदय विद्यालय खुलेंगे।

● सीबीएसई वर्ष 2025 से दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी जारी नहीं करेगा। इसके स्थान पर डिजिटल कॉपी जारी की जाएगी। विद्यार्थियों की सूची (एलओसी) में परीक्षा शुल्क के साथ माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने वाला शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि यूजीसी सभी संस्थानों को पत्र जारी कर चुका है। इसमें कॉलेज और यूनिवर्सिटी के लिए सीबीएसई और अन्य बोर्ड द्वारा जारी मार्कशीट-प्रमाणपत्रों की डिजिटल प्रतियां स्वीकार करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि कोई तकनीकी दिक्कत अथवा बेहद जरूरी होने पर ही माइग्रेशन की हार्ड कॉपी जारी की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को वेबसाइट पर जानकारी अपलोड करनी होगी। इसके बाद डुप्लीकेट एकेडमिक डॉक्यूमेंट सिस्टम के तहत माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

● मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की सतत निगरानी और कक्षा में चक्कर लगा रहे अंतरिक्ष यान से निरंतर संपर्क बनाए रखने में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के नीदरलैंड स्थित जमीनी केंद्र से भी सहयोग मिलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और ईएसए के बीच करार हुआ है। प्रोबा-3 मिशन के लॉन्च के दौरान श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पर दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच करार हुआ। इस करार पर इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग केंद्र (इसट्रैक) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और नीदरलैंड स्थित केंद्र के इंजीनियरिंग एवं गुणवत्ता निदेशक पी. डाइटमार ने हस्ताक्षर किए।

## 8 दिसम्बर

### क्लैट-2025 की फाइनल आंसर-की और रिजल्ट जारी

● कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (सीएनएलयू) ने देश के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू)




में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेज में प्रवेश के लिए आयोजित कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट)-2025 की फाइनल आंसर-की और रिजल्ट जारी कर दिया है। यूजी में चार सवाल डिलीट कर दिए गए और तीन सवालों के उत्तर बदले गए हैं। वहीं पीजी में आठ सवालों के उत्तर बदले गए हैं। क्लैट के रिजल्ट में यूजी में लॉजिकल रीजनिंग के चार सवाल डिलीट किए गए हैं। ऐसे में 116 अंकों के आधार पर कट ऑफ निर्धारित हुए हैं।

## 9 दिसम्बर

### पिछड़े राज्यों में खुलेंगे नए विश्वविद्यालय और कॉलेज

● केंद्र सरकार उच्च शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है।



जिसके तहत उच्च शिक्षा में पिछड़े राज्यों में जल्द ही नए विश्वविद्यालय और कॉलेज खोलने की घोषणा की जाएगी। इन संस्थानों को उन राज्यों और जिलों में खोला जाएगा, जिनका उच्च शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से कम है, या जहां उच्च शिक्षा हासिल करने योग्य आबादी यानी 18 से 23 वर्ष की उम्र के प्रति एक लाख युवाओं पर इनकी संख्या बहुत कम है। इन मानकों पर बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य सही फिट बैठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के तहत वर्ष 2035 तक देश में उच्च शिक्षा के जीईआर को 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने यह पहल की है।

● इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायली सेना ने गोलान हाइट्स में एक बफर जोन पर कब्जा कर लिया है। यह बफर जोन सीरिया के साथ वर्ष 1974 के युद्धविराम समझौते द्वारा स्थापित किया गया था। नेतन्याहू ने कहा कि दशकों पुराना समझौता टूट गया और सीरियाई सैनिक अपने स्थान से हट गए, जिसके कारण इजरायल का इस क्षेत्र पर कब्जा आवश्यक हो गया। गोलान हाइट्स में सीरिया सीमा के साथ लगने वाले बफर जोन के भीतर नए स्थानों पर सैन्य तैनाती की गई है। यह कदम सीरिया में हाल की घटनाओं के आकलन के बाद उठाया गया है।

## 10 दिसम्बर

### यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के नतीजे घोषित

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने आईएएस, आईपीएस और अन्य केंद्रीय




सेवाओं के ग्रुप ए और ग्रुप बी पदों पर अभ्यर्थियों के चयन के लिए सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in और upsconline.nic.in पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। यूपीएससी ने कहा कि 20 से 29 सितंबर 2024 तक आयोजित परीक्षाओं के आधार पर परिणाम घोषित किए गए हैं। मुख्य परीक्षा में सफल उम्मीदवार आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के ग्रुप ए और ग्रुप बी में चयन के लिए व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य हो गए हैं।

● देशभर के विश्वविद्यालयों के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए होने वाली परीक्षा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) में अगले वर्ष बदलाव किए जाएंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सीयूईटी-यूजी और पीजी की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। यूजीसी के अध्यक्ष श्री जगदीश कुमार ने कहा कि पिछले वर्षों के फीडबैक के आधार पर परीक्षा प्रक्रिया में सुधार करना आवश्यक है। श्री कुमार ने कहा कि समिति ने प्रश्नपत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि, पाठ्यक्रम समेत परीक्षा के विभिन्न पहलुओं की जांच की है। यूजीसी जल्द ही मसौदा प्रस्ताव जारी करेगा। इसमें संशोधित दिशा-निर्देशों का विवरण होगा।

## 11 दिसम्बर

### सीयूईटी-यूजी में 12वीं के विषय की बाध्यता नहीं

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सीयूईटी-यूजी की प्रक्रिया में




बड़ा बदलाव किया है। यूजीसी के अध्यक्ष श्री जगदीश कुमार ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2025 से केवल कम्प्यूटर आधारित प्रारूप (सीबीटी) में होगी। अभ्यर्थियों को उन विषयों को चुनने की भी मंजूरी दी जाएगी, जिनकी पढ़ाई उन्होंने 12वीं कक्षा में नहीं की है, ताकि विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा में कोई भी विषय चुनने का अवसर मिल सके। यूजीसी ने विषयों की संख्या 63 से घटाकर 37 कर दी है। हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा में मिले अंक के आधार पर दिए जाएंगे।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के शैक्षणिक सत्र 2024-27 में कक्षा 9वीं व 10वीं में करीब 7.90 लाख छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय चुना। वहीं 11वीं व 12वीं के करीब पचास हजार छात्र इस विषय से जुड़े। वर्ष 2019 से सीबीएसई ने अपने पाठ्यक्रम में एआई को शामिल किया था। एआई के दैनिक उपयोग व बढ़ते चलन को देखते हुए स्कूलों में एआई शुरू किया गया था। 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं में स्किल सब्जेक्ट के रूप में यह विषय पढ़ाया जाता है। कक्षा 8वीं में भी एआई का 15 घंटे का मॉड्यूल पढ़ाया जाता है।

## 12 दिसम्बर

### अगले वर्ष से लाभार्थी सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे पीएफ की रकम

● ईपीएफओ सदस्य अगले वर्ष से भविष्य निधि (पीएफ) की रकम सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे। केंद्रीय श्रम सचिव श्रीमती सुमिता डावरा ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि नई सुविधा से लाभार्थी क्लेम की रकम सीधे एटीएम से निकाल सकते हैं। इससे मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। उन्होंने बताया कि श्रम मंत्रालय आईटी सिस्टम अपग्रेड कर रहा है। इससे जनवरी, 2025 तक आईटी सिस्टम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

● अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका में निवेश को बढ़ावा देने के लिए बड़ा ऐलान किया है। ट्रम्प ने कहा कि उनका प्रशासन अमेरिका में एक बिलियन डॉलर या उससे अधिक का निवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी के लिए परमिट में तेजी लाने में मदद करेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी व्यक्ति या कंपनी जो संयुक्त राज्य अमेरिका में एक बिलियन डॉलर या उससे अधिक का निवेश करती है, उसे सभी पर्यावरणीय स्वीकृतियों सहित, लेकिन किसी भी तरह से सीमित नहीं, पूरी तरह से त्वरित स्वीकृति और परमिट प्राप्त होंगे।

● स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सतत नेतृत्व के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में भारत को अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप भाषा की आवश्यकता है। इसे लेकर एक नए शब्दकोष 'इंडिया इन फ्यूचर टेंस : 47 वर्ड्स फार 2047' लॉन्च किया गया है। इसमें ब्लू कार्बन, कल्चरनॉमिक्स, डिजिटल नोमैड और 15-मिनट सिटी सहित 47 शब्दों को जगह दी गई है। उन प्रमुख ट्रेंड से जुड़े शब्द शामिल हैं जो उन अवधारणाओं, नवाचारों और मूल्यों की पहचान करते हैं, जो हमें आजादी के शताब्दी वर्ष में ले जाएंगे। ये शब्दकोष नेक्स्ट जेनेरेशन इंडिया फेलोज की पहल का हिस्सा है।

## 13 दिसम्बर

### सुखोई-30 लड़ाकू विमानों और के-9 होवित्जर के लिए परियोजनाओं को मंजूरी

● रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत सुरक्षा मामलों की मंत्रीमंडलीय



समिति (सीसीएस) ने वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों और सेना के लिए 100 के-9 वज्र स्वचालित होवित्जर के लिए दो बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन दोनों परियोजनाओं पर लगभग 20 हजार करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। रक्षा मंत्रालय ने 12 सुखोई जेट खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ समझौता कर लिया है। इन लड़ाकू विमानों का निर्माण एचएएल द्वारा उसके नासिक संयंत्र में किया जाएगा और इसकी लागत लगभग 13 हजार करोड़ रुपये होगी। गुजरात के हजीरा संयंत्र में लार्सन एंड टुब्रो 100 के-9 स्वचालित होवित्जर बनाएगी।

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से एनडीए, एनए 1 परीक्षा 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तक है। एक से लेकर सात जनवरी तक अभ्यर्थी अपने फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। यह परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसमें मैथ्स और जनरल एबिलिटी टेस्ट के ढाई-ढाई घंटे के पेपर होंगे। यह क्रमशः 300 और 600 अंक के होंगे। इस तरह से लिखित परीक्षा का टोटल 900 अंक का होगा।

● ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने स्थानीय न्यूज मीडिया संस्थानों से रेवेन्यू साझा न करने वाले बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और सर्च इंजन पर टैक्स लगाने का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया के संचार मंत्री मिशेल रॉलैंड ने बताया कि नए नियम अगले साल जनवरी से 1300 करोड़ रुपये सालाना से अधिक आय वाली कंपनियों पर लागू होंगे। इनमें मेटा, गूगल, अल्फाबेट और बायडांस जैसी कंपनियां शामिल हैं। हालांकि कितना टैक्स देना होगा यह अभी साफ नहीं हुआ है। ये फैसला स्थानीय मीडिया कंपनियों को भुगतान करने वाले 3 साल के समझौते को आगे बढ़ाने से मेटा के इनकार के बाद किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

isba GROUP OF INSTITUTIONS
One of the finest and leading management & commerce colleges initiated by the ISBA Group, which is looking for following positions
isba INSTITUTE OF LAW
Principal-2
Assistant Prof./Associate Prof./Professor
Commerce-10, Fashion Technology-2, Interior Design-2, Chemistry-2, Mathematics-2, Biotechnology-2, Seed Technology/Horticulture-2, Physics-2, Political Science-5, Law-8, Social Science-5, History-3, Hindi-2, English-2, Computers-2, Economics-3, Librarian-2, Hotel Management-2, Managment -4
Receptionist-2, Tele Callers-5, Counselor-3, Data Entry Operator-5, Marketing Executive-4
Qualifications & Salary as per UGC/AICTE/BCI Norms & Selection under Code 28 of DAVV, Indore
Send your CV with Photo & Covering Letter within 7 days.
Email your CV at: info@isbaindore.in, Call: 0731-2026000/2023000
R-50348/2024

वर्ष 41, अंक 51 16.12.2024 से 22.12.2024
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# विगत एक वर्ष में डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र में मध्यप्रदेश की अभूतपूर्व प्रगति

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने अपना एक वर्ष पूरा किया। प्रदेश विकास और गरीब कल्याण के लिये संकल्पित सरकार ने आरंभ से ही जनहित की दिशा में कार्य करते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, आईटी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में मध्यप्रदेश हर दिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए, प्रदेश ने अपने शासकीय विभागों और नागरिकों के लिए तकनीकी प्रगति और डिजिटल सुविधाओं का ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बन गया है। राज्य, डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुए डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसमें मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) और मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) की अगुवाई में प्रदेश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी में कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। संपदा 2.0 और साइबर तहसील जैसे प्लेटफॉर्म नागरिक सेवाओं को सरल बना रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। संपदा 2.0 ने संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर ई-पंजीकरण, ई-स्टाम्प, स्टाम्प शुल्क की गणना और दस्तावेज़ खोज जैसे कार्यों को घर बैठे संभव बनाया है। साइबर तहसील ने राजस्व न्यायालयों की प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सुव्यवस्थित करते हुए भ्रष्टाचार को कम करने और जनता को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का सफल प्रयास किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), सूचना प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं (आईटीईएस), इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) और डेटा केंद्रों की परिवर्तनकारी क्षमता को स्वीकार करते हुए, राज्य में दूरदर्शी 'आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023' बनाई गई है। राज्य के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए यह नीति डिजाइन की गई है। जबलपुर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पॉलिसी के दिशा-निर्देश जारी किए थे। नीति में निवेशकों को वित्तीय और गैरवित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रावधान किए गए हैं। सभी वित्तीय सहायता, आवश्यक अनुमतियां, अनुमोदनों, आवेदनों और किसी भी अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के लिए पूर्ण रूप से डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम भी बनाया गया है। राज्य के युवाओं को स्वरोज़गार के लिये प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप नीति-2022 लागू है।

राज्य में एवीजीसी नीति-2024 भी लागू की जा रही है, जिससे एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुला है। राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा आदि को ध्यान में रखते हुए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति 2024 भी तैयार की गई है।

आईटी क्षेत्र में विगत एक वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाई है और नागरिकों के जीवन को भी सरल और सुविधाजनक बनाया है। इन नवाचारों ने राज्य को आईटी निवेशकों के लिए एक आदर्श स्थान बना दिया है। प्रदेश डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुए वैश्विक आईटी मानचित्र पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है।

## यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने के मिशन में लगातार प्रयासरत हैं नासा के वैज्ञानिक

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के वैज्ञानिक पिछले कई वर्षों से मानव को चांद पर भेजने के मिशन पर काम कर रहे हैं, लेकिन हर बार नासा को इस कार्य में निराशा हाथ लगी है। अब तो नासा के वैज्ञानिक भी इस बात को स्वीकारने लगे हैं कि मानव को चांद पर भेजना इतना आसान कार्य नहीं है। यह बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है जिसमें अभी सफलता प्राप्त होने में और भी समय लग सकता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार अपोलो मिशन के 50 वर्ष से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों को एक बार फिर चंद्रमा पर भेजने के मिशन में नासा लगातार प्रयासरत है।

पिछले दिनों नासा ने इस मिशन में मिली असफलता की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि 50 वर्षों बाद चांद की सतह पर जाने के लिए मानव उत्साहित है, लेकिन कोई न कोई कमी हर बार चांद पर जाने की राह में बाधक बन रही है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन के अनुसार चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम आर्टेमिस में शामिल अगला मिशन अब अप्रैल 2026 के लिए प्रस्तावित है। इस मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर भेजना और वापस लाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जायेगा।

नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्यों को चांद पर भेजने का तीसरा आर्टेमिस मिशन वर्ष 2027 तक के लिए टल सकता है। इसके तहत दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजा जाना है। इससे पहले नासा ने इस मिशन को वर्ष 2026 तक चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखा था। नासा के अपोलो कार्यक्रम के दौरान 24 अंतरिक्ष यात्री चन्द्रमा पर गए थे, जिनमें से 12 ने चंद्रमा की सतह पर कदम भी रखा था।

**- विकास तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

# गीता जयंती : सद्कर्म, स्व-धर्म और सच्चे कर्तव्य पथ की प्रेरणा

गीता जयंती का अवसर अद्भुत और अलौकिक ऊर्जा से परिपूर्ण है। मध्यप्रदेश में पहली बार ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी को गीता जयंती की मंगलकामनाएं ...।

यह हमारा सौभाग्य है कि 8 से 11 दिसंबर, 2024 की अवधि में चलने वाले इस महोत्सव में हमें गीता के ज्ञान और इसके महत्व को जानने तथा व्यवहार में आत्मसात करने का अवसर मिला है। विरासत से विकास की संकल्पना के मूल विचार में सनातन परम्पराएं, मान्यताएं और उसके कल्याणकारी सामाजिक परिणाम रहे हैं। इसी क्रम में गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध पक्षों और श्रीमद्भगवद गीता के सार्थक संदेशों से नागरिकों को अवगत करवाना है। सौभाग्य की बात है कि मध्यप्रदेश गीता के सस्वर पाठ का विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। इसी श्रृंखला में विद्यालयों में गीता पर केन्द्रित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लाखों विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन के रहस्य की जो बात श्रीमद्भगवद गीता में समझाई है वह हम सभी के लिये पाथेय के रूप में है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण के लिये प्रासंगिक है।

भगवान श्रीकृष्ण ने पांच हजार साल पहले महाभारत की युद्ध भूमि कुरूक्षेत्र में कौरवों और पांडवों के बीच अर्जुन को कर्मयोग की शिक्षा दी जिससे पवित्र गीता का अवतरण हुआ। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा जो बातें कही गई वह आज भी सम-सामयिक हैं। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने जिस गीता भाष्य की रचना की थी उसे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, राजगुरु आदि क्रांतिवीर अपने पास रखते थे। गीता भाष्य से प्रेरणा लेकर क्रांतिकारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिये संघर्ष किया। गीता हमारे लिये न केवल पवित्र ग्रंथ है बल्कि जीवन की सार्थकता सिद्ध करने का मार्ग भी है।

गीता का मध्यप्रदेश से गहरा संबंध है। भगवान श्रीकृष्ण विद्याध्ययन के लिये मध्यप्रदेश की उज्जैन नगरी आये थे। यहां महर्षि सांदीपनि आश्रम में उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई थी, इसी धरती पर उन्हें सुदर्शन मिला। श्रीमद्भगवद गीता आज भी पूरे संसार के लिये एक अद्भुत ग्रंथ है। संसार के लगभग प्रत्येक देश ने अपनी स्वभाषा में गीता का अनुवाद किया और विश्वविद्यालयों ने शोध किया। व्यक्तित्व विकास की आधुनिक पुस्तकों में ऐसा कोई सूत्र नहीं जिसका वर्णन श्रीमद्भगवद गीता में न हो। श्रीमद्भगवद गीता भारतीय दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सत्कर्म के माध्यम से मनुष्य को अपने में ही दिव्यता का अनुभव करा देती है। यह समस्त मानव समाज को स्व-धर्म का आत्मबोध देती है और सच्चे कर्तव्य पथ की ओर प्रशस्त करती है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है

**● डॉ. मोहन यादव**



कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। यह भवन गीता के ज्ञान को साझा करने का महत्वपूर्ण स्थान होगा। यहां होने वाले विचार-विमर्श से लोगों के जीवन और व्यवहार में बदलाव आयेगा। हमने प्रदेश के सभी विकासखण्डों में एक गांव को चयनित कर वृंदावन गांव के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इन गांवों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। वृंदावन गांव में जहां एक ओर प्राचीन संस्कृति को पुष्पित और पल्लवित किया जायेगा, वहीं दूसरी ओर जैविक खेती और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जायेगा।

**मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि श्रीमद्भगवद गीता की प्रेरणा से मध्यप्रदेश ने अपनी विकास यात्रा आरंभ की है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है 'विकास के साथ विरासत'। इसीलिए एक ओर जहां विकास के लिये बहुआयामी योजनाओं पर काम हो रहा है वहीं भावी पीढ़ी के निर्माण और उन्हें अपने कर्म-कर्तव्य की प्रेरणा देने के लिये विरासत को भी संजोया जा रहा है।**

रामायण और श्रीमद्भगवद गीता हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं। हमारी युवा पीढ़ी को इन धर्म ग्रंथों के बारे में जानना आवश्यक है। इनके ज्ञान से अपने व्यक्तित्व और भविष्य को परिष्कृत किया जा सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश करते हुए पाठ्यक्रमों में रामायण और गीता वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल की गई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को गीता का ज्ञान भी दिया जा रहा है, जो धरातल पर भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के एक हाथ में श्रीमद्भगवद गीता है तो दूसरे हाथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की पुस्तकें। यह बदलाव बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण से लेकर भविष्य निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी है।

श्रीमद्भगवद गीता में कुल 700 श्लोक हैं। इनमें 574 श्रीकृष्ण उवाच अर्थात् भगवान श्रीकृष्ण ने कुल 574 श्लोकों में जीवन का संदेश दिया है। व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के साथ संपूर्ण प्रकृति और सृष्टि के जीवन के सभी विषय, हर समस्या का समाधान इन श्लोकों के सूत्रों में है। भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन की सफलता के लिये अपने धर्म के पालन और एकाग्रता के साथ कर्मशीलता पर ही बल दिया है।

**कर्मण्येवाधिकारस्ते**
**मा फलेषु कदाचन।**
**मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते**
**सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ (2/ 47)**

अर्थात् तुम्हारा अधिकार केवल कर्म पर है, कर्म के फल पर नहीं... इसलिए फल की चिंता किये बिना कर्म को ही कर्तव्य मानकर कार्य करो, उसी पर तुम्हारा अधिकार है।

गीता के अध्याय दो के इस श्लोक में किसी व्यक्ति के जीवन की सफलता का ही नहीं, समाज और राष्ट्र के विकास का भी यही सूत्र है। मनुष्य को अपना पूरा ध्यान अपने कर्म और कर्तव्य पर ही लगाना चाहिए। यदि व्यक्ति का समर्पण कर्तव्य के प्रति है तो उससे कोई अनुचित कार्य नहीं होगा और यदि पूरी आयोजना के साथ कर्म आरंभ किया है तो उसकी शत-प्रतिशत सफलता निश्चित है तब क्यों परिणाम के प्रति चिंतित होना चाहिए।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि श्रीमद्भगवद गीता की प्रेरणा से मध्यप्रदेश ने अपनी विकास यात्रा आरंभ की है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है 'विकास के साथ विरासत'। इसीलिए एक ओर जहां विकास के लिये बहुआयामी योजनाओं पर काम हो रहा है वहीं भावी पीढ़ी के निर्माण और उन्हें अपने कर्म-कर्तव्य की प्रेरणा देने के लिये विरासत को भी संजोया जा रहा है। मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों में योगेश्वर और कर्मेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियां बिखरी हुई हैं। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण, महू के पास जानापाव में भगवान परशुराम से भेंट, धार जिले के अमझेरा में रुक्मणी वरण और शौर्य का प्रदर्शन आदि स्थानों में उनके स्मृति चिह्न हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने श्रीकृष्ण पाथेय निर्माण करने का संकल्प लिया है। इस पाथेय में उन सभी स्थानों को जोड़ा जा रहा है जहां भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ। यह सब एक तीर्थ के रूप में विकसित होंगे और इन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की लीला, शिक्षा एवं श्रीमद्भगवद गीता के संदेश उकेरे जायेंगे, ताकि वर्तमान पीढ़ी उनके संदेशों को समझकर अपना जीवन सार्थक कर सके।

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का उत्सव है। मेरा प्रदेश के सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे गीता की अमूल्य शिक्षा तथा मूल्यों से प्रेरणा लें, अपने जीवन में आत्मसात करें और अपने विकास के साथ विकसित मध्यप्रदेश निर्माण की संकल्पना को आधार प्रदान करें।

आप सभी को पुनश्च गीता जयंती की हार्दिक बधाई...

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हों

(रक्षा मंत्रालय)

**सहायक कमांडेंट-जनरल ड्यूटी, तकनीकी (इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स) 2026 बैच के लिए**

**'ऑनलाइन' आवेदन स्वीकार किए जाएंगे**

**05 दिसंबर 2024 (1100 बजे) से 24 दिसंबर 2024 (1730 बजे) तक**







1. भारतीय तटरक्षक बल, केंद्र सरकार का एक सशस्त्र बल है, जो युवा और मेधावी भारतीय पुरुष उम्मीदवारों को एक जीवंत कॅरिअर प्रदान करता है, अपनी विभिन्न शाखाओं के लिए **सहायक कमांडेंट (समूह 'ए' राजपत्रित अधिकारी)** के रूप में तटरक्षक भर्ती वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** के माध्यम से **'ऑनलाइन'** आवेदन के जरिए पंजीकरण किया जाएगा.

**2. आवेदन करने के लिए योग्यता मानदंड : निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता रखने वाले भारतीय नागरिक आवेदन के लिए योग्य हैं:-**

| क्र.सं. | शाखा | आयु (के बीच जन्म) | लिंग | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| ए) | सामान्य ड्यूटी (जीडी) | **01 जुलाई 2025 को 21-25 वर्ष** अर्थात 01 जुलाई 2000 और 30 जून 2004 के बीच जन्म (दोनों तिथियां सम्मिलित) हो. (तटरक्षक बल में सेवारत कार्मिकों या सेना/नौसेना/वायुसेना में समकक्ष कार्मिकों के लिए 05 वर्ष की छूट). | पुरुष | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री होनी चाहिए. (ii) 10+2+3 शिक्षा योजना के तहत इंटरमीडिएट या कक्षा 12वीं तक गणित और भौतिकी विषय या समकक्ष. डिप्लोमा के बाद स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले उम्मीदवार भी पात्र हैं, बशर्ते उनके पास भौतिकी और गणित के पाठ्यक्रम के साथ डिप्लोमा हो. |
| बी) | तकनीकी (मैकेनिकल/विद्युत/इलेक्ट्रॉनिक्स) | **01 जुलाई 2025 को 21-25 वर्ष** अर्थात 01 जुलाई 2000 और 30 जून 2004 के बीच जन्म (दोनों तिथियां सम्मिलित) हो. (तटरक्षक बल में सेवारत कार्मिकों के लिए 05 वर्ष की छूट) | पुरुष | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से नौसेना वास्तुकला या मैकेनिकल या मरीन या ऑटोमोटिव या मेक्ट्रोनिक्स या औद्योगिक और उत्पादन या धातुकर्म या डिज़ाइन या वैमानिकी या एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए. **या** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा मान्यताप्राप्त उपरोक्त किसी भी विषय में समकक्ष योग्यता, जिसे सेक्शन 'ए' और 'बी' तथा उनकी एसोसिएट सदस्यता परीक्षा से छूट प्राप्त हो. (ए.एम.आई.ई.). (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स या दूरसंचार या इंस्ट्रूमेंटेशन या इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण या इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार या पावर इंजीनियरिंग या पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए. **या** इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा मान्यताप्राप्त उपर्युक्त विषयों में से किसी में समकक्ष योग्यता जिसे खंड 'ए' और 'बी' तथा उनकी एसोसिएट सदस्यता परीक्षा (ए.एम.आई.ई.) से छूट प्राप्त हो. (iii) 10+2+3 शिक्षा योजना या समकक्ष के तहत इंटरमीडिएट या कक्षा XII तक गणित और भौतिकी विषय के रूप में. डिप्लोमा के बाद स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाले उम्मीदवार भी पात्र हैं, बशर्ते उनके पास भौतिकी और गणित के पाठ्यक्रम के साथ डिप्लोमा हो. |

**3. कुछ पात्रता मानदंडों पर स्पष्टीकरण :**

(क) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट केवल तभी लागू होगी जब पद उनके लिए आरक्षित हों.

(बी) एकीकृत स्नातकोत्तर डिग्री वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि उनके पास संबंधित संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र हो, जो यह प्रमाणित करता हो कि उम्मीदवार ने एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में योग्यता डिग्री (स्पष्ट रूप से उल्लेखित प्रतिशत/अंकों के साथ) उत्तीर्ण की है और उम्मीदवार स्नातक डिग्री के लिए पात्र है. ऐसे उम्मीदवारों को पंजीकरण के दौरान नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, पंजीकरण संख्या/रोल नंबर वाला प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा.

(ग) भारतीय तटरक्षक बल को परीक्षा के किसी भी या सभी विषयों में अर्हक अंक निर्धारित करने तथा चरण-I, चरण-II, चरण-III के लिए चयनित किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या तय करने का विवेकाधिकार है.

(घ) किसी भी परिस्थिति में प्रवेश के बाद भी जन्मतिथि और लिंग में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा किसी भी गलत सूचना का पता चलने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी.

4. **रिक्तियां:** सहायक कमांडेंट-2026 बैच की भर्ती के लिए विभिन्न पदों के लिए श्रेणीवार रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

| डाक | रिक्तियां | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अना | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य ड्यूटी (जीडी) | 110 | 13 | 15 | 38 | 04 | 40 | 110 |
| तकनीकी (इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स) | 30 | 04 | 02 | 09 | -- | 15 | 30 |
| कुल | 140 | 17 | 17 | 47 | 04 | 55 | 140 |

नोट : ये रिक्तियां संभावित और परिवर्तन के अधीन हैं.

**5. अतिरिक्त योग्यता मानदंड :**

(क) किसी अन्य सेवा प्रशिक्षण अकादमी से अनुशासनात्मक आधार पर निकाले गए अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं.

(ख) उम्मीदवार को किसी आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार, दोषी या अभियोजित नहीं होना चाहिए.

(ग) वे अभ्यर्थी जिन्हें किसी सार्वजनिक सेवा परीक्षा में बैठने से मना या रोक दिया गया हो, वे परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं हैं.

(घ) उम्मीदवार जो डिग्री पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर में पढ़ रहे हैं और अभी तक अंतिम वर्ष की डिग्री परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं बशर्ते उम्मीदवार के पास कोई बैकलॉग न हो और अंतिम सेमेस्टर/वर्ष तक के सभी विषयों में उत्तीर्ण होना चाहिए जिसके लिए आवेदन जमा करने के समय परिणाम घोषित किए गए हैं. ऐसे उम्मीदवारों को अंतिम वर्ष / सेमेस्टर परिणाम (प्रारूप आईसीजी (ICG) वेबसाइट पर उपलब्ध) घोषित न हो पाने के बारे में संबंधित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार / नियंत्रक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र उन्हें **30 नवंबर 25** तक प्रस्तुत करना होगा. डिग्री परीक्षा (अपेक्षित प्रतिशत के साथ) उत्तीर्ण होने का प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है और मूल योग्यता विश्वविद्यालय परीक्षा के देर से आयोजन, परिणामों की घोषणा में देरी या किसी भी अन्य आधार पर इस तिथि को बढ़ाने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.

(ङ) अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में पढ़ रहे उम्मीदवारों की योग्यता के संबंध में आगे और स्पष्टीकरण नीचे दिया गया है:-

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम का प्रकार | ऑनलाइन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों के पास अनिवार्य दस्तावेज |
|---|---|---|
| (i) | वार्षिक पाठ्यक्रम (जिसमें परीक्षाएं वर्ष में एक बार आयोजित की जाती हैं) | ➢आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी होने की तिथि सहित द्वितीय वर्ष की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम 03 वर्ष का है) ➢आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी होने की तिथि सहित तृतीय वर्ष की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम 04 वर्ष का है) |
| (ii) | सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम | ➢आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी होने की तिथि सहित पांचवें सेमेस्टर की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम छह सेमेस्टर का है) ➢आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी होने की तिथि सहित सातवें सेमेस्टर की मार्कशीट (यदि पाठ्यक्रम आठ सेमेस्टर का है) |
| | उपरोक्त मानदंडों को पूरा न करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं. | |

**6. चयन प्रक्रिया :** सहायक कमांडेंट का चयन अखिल भारतीय योग्यता क्रम के आधार पर होता है जो परीक्षा के विभिन्न चरणों (I - V) में उम्मीदवारों के प्रदर्शन (नीचे विस्तार से बताया गया है) और पद के लिए उपलब्ध रिक्तियों की संख्या पर आधारित होता है. आईसीजी (ICG) में भर्ती के लिए चरण I, II, III, IV और V को पास करना अनिवार्य है. सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के विभिन्न चरणों के दौरान अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक, फोटो पहचान और दस्तावेज़ सत्यापन से गुजरना होगा. परीक्षा के विभिन्न चरणों का विवरण इस प्रकार है:-

(ए) स्टेज-I **{तटरक्षक सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीजीसीईटी)}** सभी ब्रांच (अनुशासन) के उम्मीदवारों को प्रवेश के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट देना होगा जिसे सीजीसीईटी (CGCAT) के नाम से जाना जाता है. यह परीक्षा पूरे भारत में स्थित निर्धारित केंद्रों में आयोजित की जाएगी. परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए चार अंक और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक नकारात्मक अंक है. परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा. विषयवार अंकों का वितरण इस प्रकार है:-

| परीक्षा | विषय | प्रश्नों की संख्या | अवधि |
|---|---|---|---|
| संयुक्त सीजीसीईटी | ए. अंग्रेजी | 25 | 2 घंटे |
| | बी. तर्क और संख्यात्मक क्षमता | 25 | |
| | सी. सामान्य विज्ञान और गणितीय योग्यता | 25 | |
| | डी. सामान्य ज्ञान | 25 | |

टिप्पणी :

(i) स्टेज-I के लिए अखिल भारतीय श्रेणीवार मैरिट सूची स्टेज-I (CGCAT) परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. यदि अंतिम शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार में बराबरी होती है, तो अंतिम उम्मीदवार के समान अंक पाने वाले सभी उम्मीदवारों को स्टेज II पीएसबी (PSB) के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा.

(ii) अंकों का सामान्यीकरण विभिन्न पालियों में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को सांख्यिकीय पद्धति के माध्यम से वस्तुनिष्ठ तरीके से युक्तिसंगत बनाने के लिए, परिणाम की घोषणा से पहले, उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को निम्नलिखित सूत्र के अनुसार सामान्यीकृत किया जाएगा:-

$$M_{ij} = M_tg - M_qg\,(M_{ij} - M_{iq}) + M_qgm$$
$$\overline{M_{ti} - M_{iq}}$$

जहां:

एमआईजे ($M_{ij}$) $i^{th}$ शिफ्ट में $j^{th}$ उम्मीदवार के सामान्यीकृत अंक है.

एमटीजी ($M_tg$) = सभी शिफ्टों को ध्यान में रखते हुए शीर्ष 0.1% उम्मीदवारों के औसत अंक हैं (उम्मीदवारों की संख्या को पूर्णांकित किया जाएगा)

एमक्यूजी ($M_qg$) = सभी शिफ्टों में अभ्यर्थियों के औसत और मानक विचलन अंकों का योग है.

एमटीआई ($M_{ti}$) = $i^{th}$ शिफ्ट में शीर्ष 0.1% उम्मीदवारों के औसत अंक हैं (उम्मीदवारों की संख्या को पूर्णांकित किया जाएगा).

एमआईक्यू ($M_{iq}$) = औसत अंकों और $i^{th}$ शिफ्ट के मानक विचलन का योग है.

एमआईजे ($M_{ij}$) = अभ्यर्थी द्वारा $i^{th}$ पाली में प्राप्त वास्तविक अंक है.

एमक्यूजीएम ($M_qgm$) = सभी शिफ्टों पर विचार करते हुए परीक्षा में उम्मीदवारों के अंकों का अधिकतम माध्य और मानक विचलन वाली शिफ्ट में उम्मीदवारों के औसत अंकों का योग है.

(iii) भारतीय तटरक्षक बल को चरण-II के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए परीक्षा के किसी भी या सभी विषयों में अर्हक अंक निर्धारित करने का विवेकाधिकार है.

(बी) **चरण-II {प्रारंभिक चयन बोर्ड (पीएसबी)}** चरण-I में प्रदर्शन के आधार पर, उम्मीदवारों को चरण-II (पीएसबी) में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, जो कि नोएडा, मुंबई/गोवा, चेन्नई, कोलकाता, शिलांग और गांधीनगर केंद्रों पर एक दिन के लिए आयोजित किया जाएगा. उम्मीदवारों को आवेदनपत्र भरते समय पीएसबी केंद्र के लिए अपनी पसंद बतानी होगी. उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग कंप्यूटराइज्ड कॉग्निटिव बैटरी टेस्ट (सीसीबीटी) और पिक्चर परसेप्शन एंड डिस्कशन टेस्ट (पीपी एंड डीटी) के माध्यम से की जाएगी. सीसीबीटी केवल अंग्रेजी में होगा और वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा. पीपी एंड डीटी के दौरान उम्मीदवारों से अंग्रेजी, हिंदी या दोनों के संयोजन में बोलने और चर्चा करने की अपेक्षा की जाती है. स्टेज-II परीक्षा केवल क्वालिफाइंग प्रकृति की है यानी या तो पास या फेल.

नोट

(i) **उम्मीदवार का सत्यापन**

स्टेज-II के लिए रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को पहले फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा. स्टेज-II के दौरान कैप्चर की गई फोटो और बायोमेट्रिक को स्टेज-I के दौरान कैप्चर की गई फोटो और बायोमेट्रिक से सत्यापित किया जाता है. यदि स्टेज-II में किसी उम्मीदवार का बायोमेट्रिक (अंगूठे का निशान) स्टेज-I में कैप्चर किए गए बायोमेट्रिक से मेल नहीं खाता है, तो दस्तावेज़ सत्यापन टीम को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रक्रियाओं द्वारा उम्मीदवार की पहचान/वास्तविकता स्थापित करने और बाद के चरणों में सत्यापन के लिए उम्मीदवार के बायोमेट्रिक को पुनः प्राप्त करने का अधिकार है. हालांकि, यदि दस्तावेज़ सत्यापन टीम ऊपर बताई गई मैन्युअल सत्यापन प्रक्रिया के बाद उम्मीदवार की वास्तविकता के बारे में आश्वास्त नहीं है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(ii) **दस्तावेज़ सत्यापन** : जिन उम्मीदवारों ने पीएसबी पास कर लिया है, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन से गुजरना होगा. उम्मीदवारों द्वारा लाए गए मूल दस्तावेज़ों का सत्यापन स्टेज-II के लिए पंजीकरण के दौरान उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ों के अनुसार किया जाएगा. किसी भी विसंगति के मामले में, उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और अस्वीकृति के कारणों को इंगित करते हुए एक 'अस्वीकृति पर्ची' उम्मीदवार को सौंपी जाएगी.

(iii) **केंद्रों का-आवंटन:** जहां तक संभव हो, उम्मीदवारों को उनकी पसंद के केंद्र आवंटित किए जाएंगे. हालांकि, यदि स्थिति की आवश्यकता होती है, तो आईसीजी किसी अन्य केंद्र को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. केंद्र और तिथि में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(सी) **चरण-III: अंतिम चयन बोर्ड (FSB)** चरण-III के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित केंद्रों पर चरण-II पूरा करने पर सूचित किया जाएगा. चरण-III के कार्यक्रम के बारे में उम्मीदवार को व्यक्तिगत लॉगिन आईडी पर सूचित किया जाएगा. अंतिम चयन बोर्ड (FSB) नोएडा स्थित तटरक्षक चयन बोर्ड (CGSB) में आयोजित किया जाता है और पांच दिनों तक चलता है. उम्मीदवारों को मनोवैज्ञानिक परीक्षण, समूह कार्य और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) से गुजरना पड़ता है. पीएसबी (PSB) के दौरान सत्यापित किए गए सभी दस्तावेज़/प्रमाणपत्र भी एफएसबी (FSB) के दौरान मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे. बोर्ड सम्मेलन अंतिम दिन आयोजित किया जाता है और उसके बाद अनुशंसित उम्मीदवारों को चरण-IV यानी प्रारंभिक/विशेष चिकित्सा परीक्षा के लिए भेजा जाता है.

(डी) **चरण-IV (चिकित्सा परीक्षा)** चरण-III उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को बेस अस्पताल, नई दिल्ली में एक विशेष चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा. विशेष मेडिकल बोर्ड (एसएमबी) में अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवारों को मैरिट सूची में शामिल किया जाएगा क्योंकि उनके पास फैसले की अपील करने का विकल्प होगा और एसएमबी पूरा होने के 21 दिनों के भीतर नामित सेवा अस्पताल में मेडिकल अपील के लिए रिपोर्ट करनी होगी. यदि मेडिकल अपील के दौरान अयोग्य घोषित किया जाता है, तो ऐसे उम्मीदवारों के पास परिणामों की समीक्षा के लिए तटरक्षक मुख्यालय, भर्ती निदेशालय के माध्यम से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक (डीजीएएफएमएस) से अनुरोध करने का विकल्प होता है. तटरक्षक मुख्यालय ऐसे अनुरोध पर विचार करेगा और मामले की योग्यता के आधार पर समीक्षा मेडिकल बोर्ड (आरएमबी) प्रदान किया जाएगा और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा मुख्यालय को इसकी सिफारिश की जाएगी. आरएमबी अधिकार का मामला नहीं है. यदि समीक्षा को मंजूरी दी जाती है, तो समीक्षा के संचालन के लिए नामित अस्पताल को अनुमोदन में इंगित किया जाएगा. आरएमबी का निर्णय अंतिम होगा और इस बारे में आगे कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी.

(ई) **चरण-V (प्रवेश):** वे अभ्यर्थी जो चरण-IV उत्तीर्ण करते हैं और अखिल भारतीय स्तर पर स्थान पाते हैं एवं उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार मैरिट सूची में शामिल उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए अनंतिम रूप से चुना जाएगा और उन्हें निर्देशों के अनुसार नौसेना अभिविन्यास पाठ्यक्रम (एनओसी) के लिए भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) एझिमाला में रिपोर्ट करना होगा. अखिल भारतीय मैरिट सूची चरण-I और II के संयुक्त अंकों के आधार पर बनाई जाएगी. प्रशिक्षण के लिए आईएनए एझिमाला में रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को पहले फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा.

**नोट: आईएनए में भर्ती की अंतिम तिथि संभावित रूप से 27 दिसंबर 2025 होगी. नियुक्ति पत्र में सटीक तिथि का उल्लेख किया जाएगा. किसी भी परिस्थिति में 31 दिसंबर 2025 के बाद कोई और भर्ती नहीं की जाएगी.**

7. **परिणाम की घोषणा:** चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का परिणाम चरण-I से लेकर चरण-V को आईसीजी वेबसाइट पर उम्मीदवारों के खाते में लॉगिन करके देखा जा सकता है. चरण-I परीक्षा के परिणाम की घोषणा 30 दिनों के भीतर की जाएगी. परिणाम की घोषणा का विवरण निम्नानुसार है:-

(क) चरण-II (पीएसबी) के लिए चयनित न किए गए उम्मीदवारों के चरण-I के अंक चरण-II (पीएसबी) के प्रारंभ होने से पहले घोषित कर दिए जाएंगे.

(ख) चरण-III (एफएसबी) के लिए चयनित न किए गए उम्मीदवारों का चरण-II परिणाम चरण-III (एफएसबी) शुरू होने से पहले घोषित किया जाएगा.

(ग) चरण-III (FSB) उत्तीर्ण न करने वाले उम्मीदवारों के अंक अकादमी में संबंधित बैच के प्रवेश से पहले संबंधित भर्ती चक्र के एफएसबी (FSB) के सभी बैचों के पूरा होने पर घोषित किए जाएंगे. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, चयन की अवधि के दौरान उम्मीदवारों के अंकों की अग्रिम घोषणा के लिए कोई आरटीआई प्रश्न स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

8. **आवेदन कैसे करें:**

(ए) **आवेदन 05 दिसंबर 2024 (1100 बजे) से 24 दिसंबर 2024 (1730 बजे)** तक केवल **'ऑनलाइन'** स्वीकार किए जाएंगे. उम्मीदवारों को **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर लॉग इन करना होगा और ई-मेल आईडी/मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण के लिए निर्देशों का पालन करना होगा. उम्मीदवारों को कम से कम **31 दिसंबर 2025** तक ई-मेल और मोबाइल नंबर की वैधता सुनिश्चित करनी होगी.

(बी) **बहु विकल्प प्रवेश योजना (मल्टी ऑप्शन एंट्री स्कीम):** पैरा '2' में उल्लिखित सामान्य ड्यूटी शाखा और तकनीकी शाखाओं - दोनों के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले उम्मीदवार विकल्प-I और विकल्प-II को इंगित करते हुए दोनों शाखाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं. स्टेज-I परिणाम की प्रक्रिया और स्टेज-II (PSB) के लिए शॉर्टलिस्टिंग के दौरान, उम्मीदवारों को केवल उनकी पहली पसंद की शाखा में ही माना जाएगा. दूसरी वरीयता पर विचार केवल अंतिम मैरिट सूची की तैयारी के समय प्रभावी होगा जैसा कि पैरा '14' में बताया गया है. बहु विकल्प प्रवेश योजना (मल्टी ऑप्शन एंट्री स्कीम) के बारे में आगे की व्याख्या नीचे दी गई है:-

| क्रम सं. | योग्यता मापदंड | शाखाएं, जिसके लिए आवेदन किया जा सकता है | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| (i) | नौसेना वास्तुकला या मैकेनिकल या समुद्री या ऑटोमोटिव या मेक्ट्रोनिक्स या औद्योगिक और उत्पादन या धातुकर्म या डिजाइन या वैमानिकी या एयरोस्पेस में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग डिग्री रखने वाले उम्मीदवार. इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स या दूरसंचार या इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण या इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार या पावर इंजीनियरिंग या पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग डिग्री रखने वाले उम्मीदवार. | जीडी और तकनीकी (इंजीनियरिंगए टेक इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स) | अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में विकल्प-I और विकल्प-II दर्शाते हुए इन शाखाओं में से अपनी प्राथमिकता प्रस्तुत कर सकता है. |
| (ii) | उम्मीदवार के पास किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी अन्य गैर-तकनीकी विषय में तीन वर्षीय डिग्री होनी चाहिए. | केवल सामान्य ड्यूटी | ...... |

(सी) यदि कोई अभ्यर्थी एक विशेष भर्ती चक्र में कई आवेदन भरता है, तो उसका नवीनतम आवेदन स्वीकार किया जाएगा तथा पहले भरे गए सभी आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे. हालांकि, शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

(डी) ऑनलाइन आवेदन की पात्रता के लिए आगे जांच की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाने पर उसे अस्वीकार किया जा सकता है.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 दिसम्बर को परियोजना का शिलान्यास किया जायेगा।
- प्रदेश के मालवा क्षेत्र के 11 जिले गुना, शिवपुरी, सीहोर, देवास, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना में 6.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा।

#### अन्य सिंचाई परियोजनाएं

[illegible]



### नई जागृति के साथ पर्यावरण संरक्षण

[illegible]

### जनजातीय समाज को समान अधिकार

[illegible]

### खुशहाली की ओर अन्नदाता

[illegible]


### सुलभ आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

[illegible]

### नयी पहचान गढ़ता पर्यटन

[illegible]





(पृष्ठ 1 का शेष...)

हम प्रयासरत हैं कि जल की एक-एक बूंद का लाभ किसानों को मिले। हम चाहते हैं कि किसान चिंता मुक्त होकर खेती करें और खुशहाल जीवन जियें। हर किसान को गौ-पालक और हर घर को गौ-रक्षक बनाने का प्रयास है। मध्यप्रदेश न केवल कृषि उत्पादन में देश में शीर्ष पर हो, बल्कि दुग्ध उत्पादन और दुग्ध निर्यातक प्रदेश बने इसीलिये मध्यप्रदेश में गौ-वंश पालन के लिये अनुदान दिया जा रहा है।

महिला कल्याण के लिये नारी शक्ति मिशन में महिलाओं का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण किया जायेगा। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां शासकीय सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की लाखों बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य हो रहा है। प्रदेश में समृद्ध और गौरवशाली विरासत को सहेजने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। श्रीराम वन गमन पथ, श्रीराम के कर्तव्य पालन और राष्ट्र निर्माण का समर्पण संपूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने का आधार देगा। श्रीकृष्ण पाथेय में उन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण के स्मृति चिन्ह हैं। उन स्थलों पर कर्म, कर्तव्य, धर्म-संस्कृति से संबंधित गीता का संदेश और श्रीकृष्ण की लीलाओं को उकेरा जायेगा, जिससे लोग कर्मयोग के प्रति जागरूक हों तथा कर्मशील-धर्मशील नागरिक बनें। मध्यप्रदेश सरकार जनमत और जन-भावना का प्रतिबिंब है। हमारा समाज अपनी विरासत को सहेज कर चलता है, इसीलिये समाज द्वारा निर्मित सरकार ने भी समाज के साथ अपने उत्सव आयोजनों को मिलकर मनाने की शुरुआत की है। मेरा प्रयास रहा है कि प्रदेश की जनता का जीवन सहज, सरल और सुगम हो। जनता की सुविधा के लिये साइबर तहसील से घर बैठे नामांतरण, बंटवारा, ई-पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की गई। थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण से संकट की स्थिति में लोगों को त्वरित राहत मिलेगी। उज्जैन में मेडिसिटी का निर्माण, 51 मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल से प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की गारंटी, इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन, राष्ट्रीय राजमार्ग सुदृढ़ीकरण और मेट्रोपोलिटन सिटी निर्माण से विकास में गुणात्मक वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक देश को विश्व की सर्वोच्च शक्ति के रूप में स्थापित करना। मध्यप्रदेश, भारत की इस विकास यात्रा में सहभागी बनने के लिये प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना किया जायेगा।

प्रदेश की उन्नति और प्रगति के साथ हमारी सरकार का जो संकल्प पत्र था, उस पर तेजी से कार्य हो रहा है। आने वाले 4 वर्ष में हम एक-एक संकल्प को पूर्ण करेंगे।

प्रदेश में शुरू हुए जनकल्याण पर्व के अवसर पर प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से मेरा आग्रह है कि गौरवशाली और वैभवशाली भारत निर्माण के लक्ष्य पूर्ति के लिये आइये, हम साथ चलें और साथ बढ़ें।

*(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न

# धान की मिलिंग के लिए प्रोत्साहन और अपग्रेडेशन राशि की स्वीकृति



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया*

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश में उपार्जित धान की मिलिंग के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन और अपग्रेडेशन राशि की स्वीकृति दी है। निर्णय अनुसार मिलिंग राशि 10 रुपये प्रति क्विंटल और प्रोत्साहन राशि 50 रुपये प्रति क्विंटल प्रदाय की जायेगी। साथ ही 20 प्रतिशत परिदान एफ.सी.आई. को करने पर 40 रुपये और 40 प्रतिशत परिदान एफ.सी.आई. को करने पर 120 रुपये प्रति क्विंटल अपग्रेडेशन राशि प्रदाय की जायेगी। इससे किसानों से उपार्जित धान की मिलिंग में तेजी आयेगी।

- **विद्युत वितरण कम्पनियों को रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम में 40 प्रतिशत राशि अंशपूंजी के रूप में प्रदान करने की स्वीकृति।**
- **प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पी.एम. उषा) संचालन की स्वीकृति।**

मंत्रिपरिषद द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत विद्युत वितरण कम्पनियों को राज्यांश 40 प्रतिशत राशि लगभग 6 हजार करोड़ रुपये ऋण के स्थान पर अंशपूंजी एवं अनुदान के रूप में प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति के उद्देश्य से वित्तीय रूप से साध्य एवं परिचालन में दक्ष वितरण क्षेत्र विकसित करने के लिए 'रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' लागू की गयी है। योजना में केन्द्र सरकार द्वारा विद्युत वितरण कंपनियों को प्री-पेड स्मार्ट मीटर व सिस्टम मीटरिंग के लिए 15 प्रतिशत और विद्युत अधोसंरचनात्मक विकास के लिए 60 प्रतिशत राशि अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है। शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा अंश पूंजी के रूप में दी जायेगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना 'प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान' (पी.एम. उषा) के संचालन की सैद्धांतिक सहमति दी गयी है।

**फैक्ट फाइल**

### गांव-गांव को उद्योगों से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश में हो रहा है रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन

# मध्यप्रदेश को यूके-जर्मनी से मिले 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मध्यप्रदेश के गांव-गांव को उद्योगों से जोड़ने के लिये प्रदेश में पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। अब मध्यप्रदेश को एक ग्लोबल इन्वेस्टर सेंटर के रूप में स्थापित करने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूके और जर्मनी की यात्रा की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों को देखा, उद्योगपतियों से बात की, उन्हें प्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आमंत्रित भी किया और अनुबंध भी किये।

इस छह दिवसीय यात्रा में यूके और जर्मनी से 78 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे प्रदेश के समग्र विकास और टेक्नो फ्रेंडली युवाओं को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विश्व स्तर से निवेशकों के भागीदारी की संभावना बढ़ेगी।

#### यूके-जर्मनी यात्रा का उद्देश्य

- प्रदेश के समग्र विकास के लिये विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगों, शोध केन्द्रों, सांस्कृतिक केन्द्रों का भ्रमण और अवलोकन कर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार अवसरों का सृजन करना।
- मध्यप्रदेश को फ्यूचर रेडी स्टेट के रूप में ग्लोबली प्रस्तुत करना।
- विभिन्न सेक्टर्स में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ाना।

#### निवेश के मुख्य सेक्टर

खनिज, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक व्हीकल (ईवी), नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण आदि।

#### मुख्य बिंदु

- विदेशों में मध्यप्रदेश की टेक्नो-फ्रेंडली पॉलिसी की हुई सराहना।
- यूके-जर्मनी यात्रा, प्रदेश के समग्र विकास के साथ युवाओं के रोजगार के लिये रही सार्थक।
- निवेशकों को उपलब्ध कराये गये भूमि आवंटन पत्र।
- विदेशी तकनीक के साथ एक्सपर्ट्स की साझेदारी से प्रदेश में उन्नति के खुलेंगे नये द्वार।





#### इंफ्रॉस्ट्रक्चर के क्षेत्र में

- बीईएम लिमिटेड ने मॉड्यूलर हॉउसिंग प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़ रुपये के दिये निवेश प्रस्ताव।
- बुनियादी ढांचे के विकास, आधुनिक परिवहन प्रणाली, ऑटोमोबाइल सेक्टर को मिलेगी मजबूती।

#### भोपाल में 100 करोड़ का निवेश

- भोपाल के अचारपुरा में इकाई लगाने के लिये सागर रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव में प्रस्ताव।
- कंपनी के जर्मन निवेशक को जर्मनी में भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया गया।
- कंपनी द्वारा भोपाल में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा।

#### इंदौर में 3 हजार करोड़ का निवेश

- स्वास्थ्य और फार्मास्युटिकल सेक्टर में 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव।
- कंपनी द्वारा प्लांट इंदौर के स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में लगाया जायेगा।
- मध्यप्रदेश की निवेश फ्रेंडली नीति से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

#### प्रचुर खनिज संसाधनों का रोजगार सृजन में योगदान

- राज्य में खनिज संसाधनों के प्रचुर भंडार के उपयोग के लिये औद्योगिक इकाइयों की स्थापना।
- माइनिंग और मेटल इंडस्ट्रीज आधुनिक तकनीकों से होंगी लैस।
- इस्पात इंटरनेशनल, इंडोरामा कंपनियों के प्रतिनिधियों से निवेश की सार्थक चर्चा।

#### सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में

- सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर प्रमुख निवेश का केन्द्र।
- प्रदेश में सेमीकंडक्टर और साइंस टेक्नोलॉजी पार्क के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव।

#### सौर ऊर्जा के क्षेत्र में

- सौर ऊर्जा उत्पादन और उपकरण निर्माण में 50 करोड़ और 100 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव।

#### आईटी के क्षेत्र में

- सॉफ्टवेयर और आईटी पार्क के निर्माण पर राउंड-टेबल डिस्कशन।
- आईटी सेक्टर में इन्वेस्टमेंट के लिये निवेशकों ने दिखाई रुचि।
- वुडपैकर साफ्टवेयर से रसायन और आईटी सेक्टर में 1,100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव।

**शशांक पांडे**

*(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)*

# पात्र-हितग्राहियों को शिविर में ही किया जायेगा लाभान्वित

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश देते हुए कहा कि 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए 'मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान' में केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक और लक्ष्य आधारित 45 योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। इन योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों का चिह्नांकन कर उन्हें हितलाभ दिया जायेगा। इसके लिए प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय के सभी वार्डों में शिविर लगाये जायेंगे। चयनित पात्र हितग्राहियों को शिविर में ही हितलाभ वितरण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले शिविर के लिए शिविर प्रभारी और सहयोगी दल का गठन करें। शिविरों की आयोजन तिथि, स्थान और समय निर्धारण कर उसका प्रचार-प्रसार भी किया जाये, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

**इन हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जायेगा**

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में जिन 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जायेगा, उसमें दिव्यांग छात्रवृत्ति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, छ: वर्ष से अधिक आयु के बहुविकलांग और मानसिक रूप से अविकसित नि:शक्तजन के लिए सहायता अनुदान योजना, नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मध्यप्रदेश नि:शक्त छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा में दी जाने वाली फीस, निर्वाह भत्ता, परिवहन भत्ता योजना, शत-प्रतिशत श्रवण एवं दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आवास सहायता योजना, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत भवन संनिर्माण श्रमिकों का पंजीयन, प्रसूति सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, विवाह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना, निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में स्थायी अपंगता होने पर सहायता प्रदान करना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह राशि योजना-2014 और राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरस्कार योजना शामिल है।

इसी प्रकार लक्ष्य आधारित योजनाओं में पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय पशुधन मिशन (उद्यमिता विकास), किसान क्रेडिट कार्ड (सहकारी बैंकों के माध्यम से), किसान क्रेडिट कार्ड जारी करना, मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर डॉप मोर क्रॉप अंतर्गत माइक्रो इरीगेशन एवं अंडर इण्टरवेंशन और खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों के लिए विशिष्ट वित्तीय सहायताएं एवं व्यावसायिक उद्यानिकी फसलों की संरक्षित खेती को प्रोत्साहन योजना शामिल हैं।

# उद्योगपति और निवेशक मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में बनें सहभागी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित किया

**नर्मदापुरम,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अगले 5 साल में राज्य सरकार का बजट दोगुना करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी व्यवस्थाओं के आधार पर आईटी, टूरिज्म, खनन और ऊर्जा सहित सभी सेक्टर में गतिविधियों के विस्तार की हर संभव कोशिश होगी। कृषकों को विद्युत के लिए आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोलर पंप लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में 52 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं। इस प्रकार सभी क्षेत्रों के समन्वित प्रयास से हमारा लक्ष्य है कि मध्यप्रदेश देश का श्रेष्ठतम राज्य बने और देश-दुनिया से निवेशक तथा उद्योग समूह हमारे प्रदेश में आकर अपनी गतिविधियों को विस्तार दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, व्यापार तथा निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश औद्योगिक

- **नर्मदापुरम इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्राप्त हुए 31 हजार 800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव।**
- **एमपीआईडीसी का सर्व-सुविधायुक्त कार्यालय नर्मदापुरम में होगा आरंभ।**
- **नर्मदापुरम में लगने वाली औद्योगिक इकाइयों से 4000 रोज़गार के अवसर होंगे सृजित।**

विकास निगम (एमपीआईडीसी) का सर्व-सुविधायुक्त कार्यालय आरंभ किया जाएगा। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश में कार्य संस्कृति बदलने का प्रयास है। यह कॉन्क्लेव प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए राज्य शासन की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है।

डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के संतुलित और सामान्य विकास के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। इसी उद्देश्य से प्रदेश में संभाग स्तर पर इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव का क्रम आरंभ किया गया। औद्योगिक विकास के इन क्षेत्रीय समागमों में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित राज्य शासन के प्रमुख अधिकारियों की सहभागिता हमारी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जो कहा उसे तय समय-सीमा में कर दिखाने की भावना का परिचायक है।

**प्रदेश की 82 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन और लोकार्पण**

मुख्यमंत्री ने बताया कि नर्मदापुरम के इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव में सभी सेक्टर मिला कर 31 हजार 800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 1200 से अधिक इकाइयों को प्रोत्साहन स्वरूप 367 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से प्रदेश की 82 इकाइयों का वर्चुअली भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

# वन विभाग द्वारा गोबर हस्तशिल्प कार्यशाला हुई आयोजित

**पन्ना,** दक्षिण पन्ना वन मण्डल द्वारा गोबर हस्तशिल्प कार्यशाला का 3 दिवसीय प्रशिक्षण पवई में किया गया। प्रशिक्षण वन विभाग के ग्रीन इण्डिया मिशन अंतर्गत स्थानीय जीविकोपार्जन विकास के लिये आयोजित किया गया। कार्यशाला में गौ-शालाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़, सशक्त और स्वावलम्बी बनाने की दिशा में एक विशेष पहल की गयी। पवई परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्यासागर गौ-वंश समिति की गौ-शाला में कार्यशाला आयोजित की गयी। इसमें पवई और मोहन्द्रा क्षेत्र के लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# औद्योगिक विकास के प्रयासों में मिली सफलता

**नर्मदापुरम,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई में आयोजित विद्युत एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में इकाइयों के भूमिपूजन समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई समूचे नर्मदापुरम के विकास का केंद्र बनेगा। सतपुड़ा का यह क्षेत्र अब नया इतिहास रचने जा रहा है। औद्योगिक विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से नर्मदापुरम आरआईसी में अपार सफलता प्राप्त हुई है। आरआईसी से मोहासा-बाबई सौर ऊर्जा पार्क की भूमि 227 एकड़ से बढ़कर 884 एकड़ हो गई।

- **नर्मदापुरम के विकास का केंद्र बनेगा औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई।**
- **नर्मदापुरम का कर्मशील मानव संसाधन औद्योगिक विकास में बनेगा सहायक।**

आरआईसी में 20 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र भी वितरित किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नया इतिहास रचने जा रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगभग 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इससे सोहागपुर, इटारसी, सिवनीमालवा, पिपरिया, पचमढ़ी के स्थानीय युवाओं को रोज़गार प्राप्त होगा और रोज़गार के लिए होने वाला पलायन इन क्षेत्रों से रुकेगा। आरआईसी में किये जा रहे निवेश के कारण महज 2 से 3 वर्षों में ही संपूर्ण नर्मदापुरम क्षेत्र का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। नर्मदापुरम की कर्मशील जनता औद्योगिक विकास में सहायक बनेगी। नर्मदापुरम वन संपदा, भू-संपदा, बेहतर रोड और रेल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं के साथ औद्योगिक विकास के लिए सबसे अनुकूल है।

# मुख्यमंत्री से मिले वेब सीरीज के कलाकार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत के कलाकार दल ने भेंट की। प्रदेश में सीहोर जिले में यह कलाकार फिल्मांकन के लिए आए थे और अब वापसी के पूर्व उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सौजन्य भेंट कर संस्मरण साझा किए।

प्रख्यात अभिनेता श्री रघुवीर यादव और अभिनेत्री नीना गुप्ता ने अपने कलाकार दल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मुलाकात की और उन्हें मध्यप्रदेश में फिल्म और वेब सीरीज निर्माण के सुखद अनुभवों की जानकारी दी।

# प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयास जारी

**नर्मदापुरम,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम से '100 दिवसीय नि-क्षय अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में यह '100 दिवसीय नि-क्षय अभियान' एक सकारात्मक पहल है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसे जन-आंदोलन बनाना जरूरी है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाना है।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव '100 दिवसीय नि-क्षय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष-2018 में देश को वर्ष-2025 तक टी.बी. अर्थात क्षय रोग से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। यह अभियान उसमें एक सार्थक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की जिंदगी बचाने के लिए शुरू हुआ यह अभियान देश के 347 जिलों में प्रारंभ हो रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश के 23 जिले भी शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य टी.बी. प्रकरणों की पहचान, मृत्यु दर में कमी और नए टी.बी. प्रकरणों में कमी लाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नि-क्षय मित्र पहल के तहत हम टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर मदद पहुंचा रहे हैं। इसमें हम टी.बी. के मरीजों को पूरक खाद्य बास्केट प्रदान करते हैं, जिससे उनके शरीर को बीमारी से लड़ने के लिए ताकत मिल सके।

# बुजुर्ग उपभोक्ताओं के लिए डोर-टू-डोर योजना बनी वरदान

**इंदौर,** इंदौर शहर के बुजुर्ग बिजली उपभोक्ता श्री दयाराम हों या फिर महू क्षेत्र के श्री सदाशिव देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्र के श्री रफीक भाई... इनके जैसे करीब आठ लाख बिजली उपभोक्ता इस बात से प्रसन्न हैं कि बिजली कंपनी बिल भुगतान के लिए डोर-स्टेप सुविधा प्रदान कर रही है। इस सेवा से बुजुर्ग, वयोवृद्ध, वे उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं, जिन्हें ज्यादा उम्र के होने के कारण जोन वितरण केंद्र जाने में परेशानी होती है और उन्हें स्मार्ट फोन चलाना भी नहीं आता है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि बिजली बिल भुगतान को लेकर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेशों का गंभीरता से पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंदौर शहर सहित सभी सर्कल, जिलों में डोर-टू-डोर एप से भी बिजली बिलों का भुगतान संबंधित पंजीकृत अभिकर्ता उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर प्राप्त करते हैं। बिल में दर्ज राशि के अतिरिक्त कोई अन्य राशि नहीं ली जाती है। ली गई राशि की हाथों-हाथ ई-रसीद भी प्रदान की जाती है। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए समय-समय पर निर्णय लेती है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# प्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जाएंगे - मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए

**कुरूक्षेत्र,** मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में अगले तीन साल में गीता भवन बनकर तैयार हो जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से निकली गीता से कर्मवाद की शिक्षा प्राप्त होती है। केवल भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में लोग गीता की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय का निर्माण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में गीता जी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में जारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

- **मध्यप्रदेश में गीता जयंती पर गीता पाठ का बना विश्व रिकॉर्ड।**
- **अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन में मध्यप्रदेश सहभागी बनने का इच्छुक।**
- **मुख्यमंत्री ने संत समाज को सिंहस्थ : 2028 के लिए किया आमंत्रित।**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गीता ज्ञान संस्थान स्थित मंदिर में दर्शन किए और संग्रहालय का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर कुरूक्षेत्र में बने हरियाणा पेवेलियन और महोत्सव के साझेदार ओडिशा राज्य के पेवेलियन का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन श्रीमद्भगवद् गीता जयंती के अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा किया जाता है। गीता महोत्सव के दौरान श्रीमद्भगवद् गीता केन्द्रित विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा के महत्व को स्थापित किया**

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता के प्रकाश से विश्व प्रकाशमान हो रहा है। सभी ओर सनातन संस्कृति की ध्वजा लहरा रही है और श्रीमद्भगवद् गीता की शिक्षाओं से सम्पूर्ण धरा लाभान्वित भी हो रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा के महत्व को स्थापित किया। भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण करने के लिए सांदीपनि आश्रम पधारकर उज्जैन को गौरवान्वित किया साथ ही यह भी स्थापित किया कि व्यक्ति कितने ही महत्वपूर्ण पद पर हो, उसे शिक्षा ग्रहण करने के लिए अवश्य प्रयास करना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर शुरू किया अभियान

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पल्स पोलियो के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। भारत पोलियो मुक्त देशों में से एक है परन्तु पोलियो मुक्त बने रहने के लिए पोलियो की दो बूंद का उपयोग अवश्य करें। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पल्स पोलियो के राज्य स्तरीय अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 5 वर्ष से कम उम्र की जुड़वा बहनें अर्निका और अनाया राय, कनिष्का, नियति, अर्थ और समर्थ को दवा पिलाई।

तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित किया गया। इस अवधि में 38 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है जब कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। उच्चतम रिहायशी इलाकों से ईंट भट्टे, क्रेशर, निर्माण स्थल, घुमक्कड़ आबादी और झुग्गी बस्तियों में भी पोलियो की दवा पिलाने के लिए मोबाइल टीमें घर-घर, गली-गली जाकर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सजग माता-पिता होने का परिचय दें और अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क पल्स पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

# महिलाएं भारतीय ज्ञान परम्परा की संरक्षिका और प्रवाहिका

**भोपाल,** महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने मैनिट में आयोजित "स्त्री 2024' के तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित किया। सुश्री भूरिया ने कहा महिलाएं भारतीय ज्ञान परम्परा की संरक्षिका और प्रवाहिका हैं। उन्होंने कहा कि आदिकाल से माँ सरस्वती को ज्ञान एवं विद्या की देवी माना गया और देवी दुर्गा को शक्ति का प्रतीक, इससे स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं के योगदान को आदिकाल से महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति की इस परम्परा का निर्वहन अब तक जारी है। सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है और इसमें महिलाओं का योगदान अग्रणी है। आज जब भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, तब इस लक्ष्य को तेज गति से हासिल करने के लिये महिलाओं के सशक्तिकरण, अनुसंधान, और उद्यमिता पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे महिलाओं की भागीदारी न केवल समाज को सशक्त बनाती है, बल्कि देश को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

सुश्री भूरिया ने कहा कि महिलाएं आदिकाल से भारतीय ज्ञान-परम्परा की न केवल संरक्षिका व प्रवाहिका रही हैं, वरन ज्ञान और कौशल भी महिलाओं से ही प्रारंभ हुआ है। यही कारण है कि महिलाएं जननी हैं। वैदिककाल में महिलाएं शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी थीं। गार्गी, मैत्रेयी और लोपामुद्रा जैसी विदुषियों ने वेदों और शास्त्रों पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

## मुख्यमंत्री ने रीवा की 7 उद्यम इकाइयों का किया शिलान्यास

**नर्मदापुरम,** नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशभर के उद्यमों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से रीवा और सिंगरौली जिले के 199 करोड़ 43 लाख रुपये के निवेश के साथ उद्यमों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा में ग्राम छिजवार में पॉली बैग उद्योग लगाने वाले राहुल द्विवेदी तथा मऊगंज में ब्राउन ऑइल का उद्यम लगाने वाले लालजी गुप्ता से संवाद किया और बधाई दी।

# गांव से शहर तक, आनंद उत्सव के रंग में रंगेगा प्रदेश

**भोपाल,** राज्य के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में 'आनंद उत्सव-2025' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव परंपरा, खेल, और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता और उल्लास का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आनंद विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

आनंद उत्सव में नागरिकों की सहभागिता एवं उत्साह बढ़ाने के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्थानीय स्तर के खेल जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा रेस, रस्साकसी, चम्मच दौड़, लोक संगीत, नृत्य,

- **प्रदेश में 14 से 28 जनवरी तक मनाया जाएगा आनंद उत्सव।**
- **23,011 ग्राम पंचायतों में 10 हजार क्लस्टरों पर होगा उत्सव का आयोजन।**

नाटक और भजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों की भागीदारी के लिए विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन स्थल को 'आनंद उत्सव स्थल' नाम दिया जाएगा। आनंद उत्सव का आयोजन 3 चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में 14 से 24 जनवरी तक ग्रामीण और नगरीय स्तर पर, दूसरे चरण ने 14 से 24 जनवरी तक विकासखंड स्तर पर, तृतीय चरण में 24 से 28 जनवरी तक जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन की रूपरेखा और कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी। विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में गठित विकासखंड स्तरीय समिति करेगी और प्रत्येक 'आनंद उत्सव स्थल' पर कार्यक्रम आयोजन समिति करेगी। सभी स्थलों का पंजीयन और विवरण https://www.anandsansthanmp.in/पर अपलोड होंगे।

## पीएमश्री एयर एम्बुलेंस से मरीजों को मिली बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

**भोपाल,** मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों और आयुष्मान भारत योजना के तहत गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का अभियान निरंतर जारी है। छतरपुर निवासी श्रीमती राजकुमारी गुप्ता को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस के माध्यम से समय पर हायर सेंटर रेफर कर उनकी जान बचाई गई। आयुष्मान योजना हितग्राही श्रीमती गुप्ता को उपचार और एयर एम्बुलेंस की सुविधा नि:शुल्क प्राप्त हुई। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।

# किसान की आय दोगुनी करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान

**भोपाल,** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसान की आय दोगुनी करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं में पशुपालन गतिविधियों में किसानों को लगभग 50 प्रतिशत अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है। विभागीय अधिकारी किसानों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें और उन्हें शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दें। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के दौरान पशुपालन शिविर लगाया जाए और पशुपालन योजनाओं के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत किए जाएं।

पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटेल ने पशुपालन संचालनालय के सभागार में विभाग की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक ली। श्री पटेल द्वारा संभागवार विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि विभाग के चलित पशु चिकित्सा वाहनों का समुचित रखरखाव किया जाए। यह योजना अत्यधिक लोकप्रिय हुई है और पशुपालक बड़ी संख्या में अपने पशुओं का इलाज करवा रहे हैं।

श्री पटेल ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशुपालकों को कुक्कुट पालन, बकरी पालन, शूकर पालन और चरी-चारा उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए।

# बस सेवा संचालन में यात्री सुविधा को दें प्राथमिकता

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में नवीन यात्री बस सेवा आरंभ करने और इसकी संगठनात्मक संरचना, दायित्व तथा संचालन के संबंध में समत्व भवन में हुई बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में नवीन यात्री बस सेवा के संचालन में यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकता और इंटरसिटी मार्गों के महत्व को ध्यान में रखते हुए बसों का संचालन किया जाए। टिकट बुकिंग, बस ट्रैकिंग जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म के समस्त लाभ यात्रियों को सरलता से प्राप्त हों, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करें तथा जल्द से जल्द प्रदेश में नवीन यात्री बस सेवा का संचालन आरंभ करना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो बस ऑपरेटर परमिट में उल्लेखित नियम शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यात्री बस सेवा संचालन के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए

बैठक में जानकारी दी गई की शहरी, ग्रामीण परिवहन सेवा के साथ-साथ अंतर शहरी अन्तर्राज्यीय नवीन यात्री परिवहन सेवा का प्रबंधन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। क्षेत्रीय स्तर पर कंपनियां होंगी और जिला स्तर पर निगरानी के लिए भी परिवहन समितियों का गठन होगा। राज्य और संभाग स्तरीय कार्यालय में कंट्रोल एवं कमांड सेंटर स्थापित किए जाएंगे। नोटिफाइड रूट्स पर निविदा प्रक्रिया से ऑपरेटर का चयन तथा अनुबंध होगा। कंपनी, अनुबंधित ऑपरेटर्स को परमिट और संचालन में सहयोग प्रदान करेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

## कार्यालय आयुक्त
## पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश

### विज्ञप्ति
### (परामर्शी (व्यक्ति/फर्म) श्रेणी-II पद हेतु)

कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भोपाल अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित किये जाने हेतु तकनीकी पहलुओं के संबंध में उचित सलाह, मार्गदर्शन एवं योजना की मॉनीटरिंग हेतु मानदेय के आधार पर गैर-सरकारी स्वरूप की नियुक्ति संविदा पर एक निश्चित अवधि (02 वर्ष) के लिये परामर्शी (व्यक्ति/फर्म) श्रेणी-II की सेवायें लिये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. | पद | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शी (व्यक्ति/फर्म) श्रेणी-II | 01 | i. शैक्षणिक योग्यता - डिप्लोमा/स्नातक - प्रथम श्रेणी<br>ii. रोज़गार/स्वरोजगार से संबंधित शासकीय विभागों में कार्य करने का न्यूनतम 25 वर्षों का अनुभव।<br>iii. आयु सीमा - न्यूनतम 50 वर्ष एवं अधिकतम - 70 वर्ष।<br>vi. यदि आवेदक सेवा निवृत्त शासकीय कर्मी है तो उसे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी का शासकीय सेवक होना अनिवार्य है।<br>vii. किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/विश्वविद्यालय/सार्वजनिक उपक्रम में परामर्शी का कार्य अनुभव रखने वाले आवेदक/आवेदक संस्था को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। |

1. परामर्शी/परामर्शी संस्था के चयन हेतु समाचार पत्रों में संक्षिप्त विज्ञप्ति के शेष नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु विभागीय पोर्टल **bcwelfare.mp.nic.in** पर प्रकाशित RFP (Request For Praposal) का अवलोकन आवेदक करेंगे।
2. आवेदक को परामर्शी/परामर्शी संस्था के आवेदन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से न्यूनतम **21 दिवस** में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड के दो लिफाफे पृथक-पृथक तैयार कर निर्धारित आवेदन शुल्क राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन की अंतिम दिनांक तक नियत समय से पूर्व आर.एफ.पी. जारी कर्ता कार्यालय में पहुंचना अनिवार्य होगा।
3. विलम्ब से प्राप्त अपूर्ण, कांट-छांट अवस्था में प्रस्तुत आवेदन कार्यालय द्वारा मान्य नहीं किये जायेंगे।

**वि.क.अ. सह आयुक्त**

**जी-20078/50329/2024** **पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश**

## कार्यालय अधिष्ठाता
## बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शहडोल (म.प्र)

**कार्यालय दूरभाष नं. :– 07652-243000, फैक्स नं. :– 07652-243222,**
**ईमेल : deanshahdol@gmail.com, वेबसाइट : www.gmcshahdol.org**

**क्रमांक/8082/स्था./राज./एम.सी./2024** **शहडोल, दिनांक : 25.11.2024**

### सूचना

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल से संबद्ध चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने हेतु निजी रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की सेवायें अनुबंध के आधार पर NHM NORMS के मानदेय के अनुसार निर्धारित मानदेय पर लिए जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव कार्यालय अधिष्ठाता, बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में जमा किये जा सकते हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी इस महाविद्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं उक्त सूचना महाविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट **www.gmcshahdol.org** में उपलब्ध है।

**अधिष्ठाता**

**जी-20105/50330/2024** **बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहाडोल (म.प्र.)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर
## महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मन्दसौर

**E-mail :- eephedmas@mp.nic.in**

### NIT No. 05/2024-25

**क्रमांक 3098/व.ले.लि./का.यं./2024** **मन्दसौर, दिनांक : 03.12.2024**

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेण्डर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

| टेंडर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपयों में) | 1. अर्नेस्ट मनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्र. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_ PHED_ 386349_1 | Remaining Work of Retrofitting of single village water supply scheme to fully cover the village with FHTC under Jal Jeevan Mission/ NRDWP At Village Amlawad, Richhalal Muha And Arniya Nijamuddin Block Mandsaur District Mandsaur As Per BOQ. | 11984896/- | 1. 119849/-<br>2. प्रथम आमंत्रण | 30 दिवस | 20.12.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**नोट** :– निविदा में किसी भी प्रकार का **संशोधन** वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-20011/50327/2024** **लोक स्वा.यां. खण्ड मन्दसौर, मोबा. नं. 07422232190**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग (भ/स), संभाग पन्ना (म.प्र.)

**एन.आई.टी. नं.-6/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण** **पन्ना, दिनांक : 05.12.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :–

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि ईएमडी (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06/01 | 2024_ PWDRB_ 386502_1 | मनौर मझगवां मार्ग लं. 1.80 कि.मी., रहुनिया से बिलखुरा मार्ग लं. 13.00 कि.मी., कृष्णा कल्याणपुर मार्ग से दहलान चौकी वायां रानीपुर मार्ग लं. 1.60 कि.मी. एवं अम्हा बडीरूद्व से उदयपुर मार्ग लं. 6.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 287.37 | 287370/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 06/02 | 2024_ PWDRB_ 386505_1 | अमानगंज गुनौर सुवंशा मार्ग के कि.मी. 11 से 24 = 14.00 कि.मी. कुल लं. 14.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 283.24 | 283240/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 06/03 | 2024_ PWDRB_ 386506_1 | सलेहा-महुआखेड़ा मार्ग लं. 1.21 कि.मी., देवरीगढ़ी-पडरिया से लोहरगांव वायां सरहजा मार्ग लं. 10.20 कि.मी. एवं महुआखेड़ा से सलेहा-पवई मार्ग वायां छपरवारा-ब्यौहारी-इटवां-लमकुश मार्ग कि.मी. 7, 8, 9 एवं 10 कुल लंबाई 4.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 210.81 | 210810/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 06/04 | 2024_ PWDRB_ 386509_1 | मोहन्द्रा-रैपुरा मार्ग से पवई-कोठी-कढना-मझगवां-कुठरिया-हडा मार्ग लं. कि.मी. 1 से कि.मी. 22/8 तक कुल लंबाई 21.80 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 224.27 | 224270/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 06/05 | 2024_ PWDRB_ 386510_1 | सिमरिया से बिरासन मार्ग लं. 5.90 कि.मी., कमताना से ककरा मार्ग लं. 2.40 कि.मी., टिकरिया से बुधरोड मार्ग लं. 8.10 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 234.85 | 234850/- | 15000/- | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 06/06 | 2024_ PWDRB_ 386512_1 | उपसंभाग पवई के अंतर्गत रेस्ट हाउस पवई, अमानगंज एवं सिमरिया में पुताई-रंगाई एवं मरम्मत का कार्य। | पन्ना | 19.90 | 39800/- | 2000/- | 03 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जासकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 07.12.2024 समय 10.00 से **दिनांक 18.12.2024** समय 5.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. अमानत राशि (EMD) केवल ऑनलाइन RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार होगी एवं कोई भी दस्तावेज कार्यालय में भेजना आवश्यक नहीं हैं। समस्त सत्यापित दस्तावेज केवल ऑनलाइन संलग्न करना है।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-20024/50328/2024** **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग पन्ना म.प्र.**

## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)

**Mail ID : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Telephone No. : 07562-224092**
**NEW BUS STAND SEHORE 466001 (M.P.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायांवि/2024-25** **सीहोर, दिनांक : 06.12.2024**

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 _ PHED_ 386477_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 60 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 1322940/- | 26459/- | 2000/- | 04 माह |
| 2024_ PHED_ 386489_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 50 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 1102450/- | 22049/- | 2000/- | 04 माह |
| 2024_ PHED_ 386508_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 60 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 1322940/- | 26459/- | 2000/- | 04 माह |
| 2024_ PHED_ 386516_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड बुदनी एवं भैरूंदा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सूखे एवं कम जल आवक क्षमता वाले 30 नग नलकूपों में हाइड्रोफेक्चरिंग का कार्य। | 661470/- | 13229/- | 2000/- | 04 माह |
| 2024_ PHED_ 386526_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर एवं इछावर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैण्डपम्पों को जमीनी सतह से ऊपर उठाने का कार्य। | 178850/- | 3577/- | 1000/- | 03 माह |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक | **20.12.2024 06.00 PM** |
| 02 | बिड ओपनिंग दिनांक | 23.12.2024 05.00 PM |

**कार्यपालन यंत्री**

**जी-20118/50331/2024** **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर (म.प्र.)**

## कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
## निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 17/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2024-25** **भोपाल, दिनांक : 06.12.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. उज्जैन जिले अंतर्गत 02 पुल कार्य :–** 1. उज्जैन जिले के हरिफाटक से रिंग रोड (इंदौर रोड-भैरवगढ़) क्षिप्रा नदी के समानांतर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य एवं इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग एच.टी./एल.टी. लाइन, स्ट्रीट लाइट कार्य सहित। 2. उज्जैन जिले के मंगलनाथ से कमेड मार्ग मंगलनाथ मंदिर के पीछे कमेड़ नाले पर मौजूदा पुल के समानांतर जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य एवं इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग एच.टी./एल.टी. लाइन, स्ट्रीट लाइट कार्य सहित। (Both 1 & 2 Bridge-240m High Level Bridge+60m Submersible Bride Total = 300m)

| टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB_386614_1 | उज्जैन | पुल कार्य | प्रथम | 2319.94 | केवल ऑनलाइन |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 2. सिंगरौली जिले के बहेरी से उखड़वार मार्ग में म्यार नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB_386615_1 | सिंगरौली | पुल कार्य | प्रथम | 1617.24 | केवल ऑनलाइन |
| **क्र. एवं कार्य का नाम :–** 3. सिंगरौली जिले के चाचर से जरहा मार्ग में म्यार नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB_386616_1 | सिंगरौली | पुल कार्य | प्रथम | 1326.12 | केवल ऑनलाइन |
| | | | **कुल योग-** | **5263.30** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.12.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य अभियंता**
**जी-20148/50333/2024** **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ईमेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com**
**फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406**

**निविदा सूचना क्रमांक - 1115/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/** **भोपाल, दिनांक : 10.12.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.01.2025** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_WRD_386876 | गोठड़ा से शनि मंदिर तक कान्ह नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण एवं शिप्रा नदी के बायें तट पर वी.आई.पी. घाट के डाउन स्ट्रीम में जीवनखेड़ी ब्रिज तक घाट निर्माण एवं आत्मिलंगेश्वर मंदिर के पास वेंटेड काज़वे, गोठड़ा स्टॉप डेम, पिपलिया राघो बैराज नं. 2, जमालपुर स्टॉप डेम का निर्माण कार्य तथा उन्डासा और जस्ताखेड़ी तालाब का मरम्मत कार्य। | उज्जैन | 13486.39 |
| 2. | 2024_WRD_386877 | शिप्रा नदी के बायें तट पर जीवनखेड़ी ब्रिज से मंगलनाथ घाट तक घाट निर्माण एवं भतृहरी गुफा के पास वेंटेड काज़वे एवं रामवासा बैराज नं. 2 का निर्माण तथा वीरदुर्गादास की छत्री के पास सीमेंट रोड का निर्माण कार्य। | उज्जैन | 15468.11 |
| 3. | 2024_WRD_386879 | शिप्रा नदी के बायें तट पर मंगलनाथ घाट से नागदा बायपास तक एवं दाहिने तट पर नागदा बाय पास से चक्रतीर्थ तक घाट निर्माण तथा अन्गारेश्वर मंदिर के पास वेंटेड काज़वे तथा पंथ पिपलई बैराज का निर्माण कार्य। | उज्जैन | 15337.82 |
| 4. | 2024_WRD_386880 | शिप्रा नदी के दायें तट पर इंदौर रोड ब्रिज त्रिवेणी के पास से भूखी माता मंदिर के सामने तक घाट निर्माण एवं किथोदाराव बैराज का निर्माण कार्य। | उज्जैन | 15069.96 |

**जी-20166/50334/2024** **अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

**महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मन्दसौर**
**Phone : 0742-2232190, E-mail : eephedmas@mp.nic.in**
**NIT No. 06/2024-25**

**क्रमांक 3157/व.ले.लि./का.यं./2024** **मन्दसौर दिनांक : 10.12.2024**

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| टेंडर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | 1 अर्नेस्टमनी (रु. में) 2. आमंत्रण क्र. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_387304_1 | मंदसौर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड मंदसौर एवं उपखण्ड मंदसौर में 03 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं 04 चौकीदारों को उपलब्ध कराने के कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार संपादित करना। | 1000465.00 | 1) 20009.00 2) प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 24.12.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्तत वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
**नोट:** निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

जी-20214/50349/2024 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग**
**क्रमांक-03 भोपाल-462003, Mobile : 9425601545**
**ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com**
**क्र.-मप्रपुआवनि/1178/पर्य/भोपाल-03/तशा/2024**
**भोपाल, दिनांक :09.12.2024**

### प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत निर्माण कार्य 50 बिस्तरीय सामुदायिक भवन स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली जिला बैतूल एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शाजापुर हेतु निविदा क्र.-09/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्र.- 386947, 386949 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक- 24.12.2024 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117694/2024 R-50336/2024 **परियोजना यंत्री**

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, ए-2/2, एम.आय.जी., महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)**
**E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in, मोबा. : 9406808103**
**क्र. 1513/पय/मप्रपुआवनि/24/उज्जैन** **दिनांक : 11.12.2024**

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 19/2024-25

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक-19/2024-25 दिनांक 11.12.2024** के अंतर्गत निर्माण कार्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मंदसौर हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_387616 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 26.12.2024 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117737/2024 R-50341/2024 **परियोजना यंत्री**

# समय पर सुलभ और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति को समय पर, सुलभ और उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा मैनपावर की कमी एक प्रमुख चुनौती है, जिसे प्रभावी रणनीतियों से दूर किया जाना जरूरी है। इसके लिए मेडिकल के साथ नॉन-मेडिकल हस्तक्षेपों पर भी काम करना होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि प्रदेश में सभी स्वास्थ्य सेवाओं और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेश के हर क्षेत्र और हर वर्ग तक पहुंच सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से मंत्रालय भोपाल में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न विषयों और अंतःक्षेपों पर विस्तृत चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में भी उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को मजबूत बनाने के लिए फर्स्ट रेफरल यूनिट्स के रूप में विकसित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में वृद्धि के साथ मैनपॉवर व्यवस्था के लिये व्यापक भर्तियां की जा रही हैं। इन प्रयासों के सदुपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य मानकों में सुधार शासन का लक्ष्य है।

### तात्कालिक और दीर्घकालिक लाभ के लिये दें सुझाव

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन मानकों में सुधार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाई जानी चाहिए जो शॉर्ट टर्म में त्वरित प्रभाव दें साथ ही दीर्घकालिक समाधान भी प्रदान करें। उन्होंने वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधिमंडल से प्रदेश की वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों का सटीक आकलन कर ऐसे सुझाव देने के लिये कहा जिनसे तात्कालिक और दीर्घकालिक लाभ चरणबद्ध रूप से प्राप्त हो सके।

# रोज़गार के अवसर बढ़ाकर युवाओं, महिलाओं और किसानों का जीवन बदलना हमारी प्राथमिकता

**नर्मदापुरम,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रत्येक संभाग में उद्योग कॉन्क्लेव की गई हैं। बड़ी संख्या में प्रदेश में निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार 800 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। सिर्फ इंग्लैंड से आए एक निवेशक ने उत्साहपूर्वक पांच सौ करोड़ रुपये के निवेश की मंशा व्यक्त की है। प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना प्रमुख लक्ष्य है। इसके साथ ही प्रदेश की युवा शक्ति का उपयोग करना है। प्रदेश में सभी सेक्टर्स में रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क को भारत सरकार ने स्वर्ण पदक प्रदान किया। प्रदेश में संभाग स्तर पर हुई कॉन्क्लेव सम्पूर्ण प्रदेश के विकास का कार्य कर रही है। निवेश वृद्धि से रोज़गार के अवसर बढ़ाकर युवाओं, महिलाओं, किसानों का जीवन बदलने का कार्य हमारी प्राथमिकता है और इसमें अच्छी सफलता भी मिल रही है।

सिंहस्थ-2028 के आयोजन को विश्व स्तरीय बनाया जाएगा। वास्तव में यह वैश्विक आयोजन है। लगभग 60 वर्ष बाद ऐसा होगा जब पूरी तरह क्षिप्रा जल से श्रद्धालुओं द्वारा स्नान का पुण्य प्राप्त किया जाएगा। क्षिप्रा पूरी तरह गंदगी से मुक्त बने और प्रवाहित निर्मल जल सिंहस्थ के लिए उपलब्ध हो इस दृष्टि से योजना क्रियान्वित की जा रही है। सिंहस्थ-2028 का आयोजन स्मरणीय बनेगा।

मध्यप्रदेश को यह सौभाग्य प्राप्त है कि यहां नर्मदा (रेवा) और सोन नदियों का भी उद्गम है। कई पवित्र नदियों का मायका मध्यप्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में साधु-संतों को स्थाई आश्रम और धर्मशाला आदि के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है। उज्जैन उत्कर्ष की नगरी है। सिंहस्थ-2028 के लिए क्षिप्रा नदी में निर्मल जल प्रवाह सुनिश्चित किया जा रहा है। घाटों के विकास और अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा रहा है। वर्ष-2022 में महाकाल लोक के उद्घाटन के बाद अब प्रतिवर्ष सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की तरह बड़ी संख्या में नागरिकों का आना हो रहा है।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल

क्र. 1817/2024 शहडोल, दिनांक : 09.12.2024

### विज्ञापन सूचना

विद्युत सामग्री क्रय किये जाने संबंधी निविदा MP E-Tender पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2024_PSNSU_386409_1 प्रकाशित की गई है।

आर-50335/2024 कुलसचिव

## M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(M.P. State Highway Authority), (Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Phone : 0755-2597290, 2765205
Fax : 0755-2572643, Website : mprdc.gov.in, CIN : U45203MP2004SGC016758

No. : 11951/MPRDC/377/HR/2024 Bhopal, Date : 12.12.2024

### INVITES APPLICATIONS

M.P. Road Development Corporation Ltd., is a wholly owned company of Govt. of M.P. looking after State Highways and other Infrastructure Development projects of Madhya Pradesh. MPRDC invites applications from eligible candidates for the following posts :-

| Sn. | Name of Post & Salary | Source | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 1. | **परामर्शी (पर्यावरण विशेषज्ञ)** (वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्र. एफ 11-10/2012/नियम/चार भोपाल, दिनांक 06 अक्टूबर 2012 एवं दिनांक 24 मई 2022 अनुसार) | Contract | **Total-01** UR-01 |
| 2. | **Dy. General Manager (Technical)** Last Pay (-) Pension/Rs. 79,900/- + CPI | Contract | **Total-01** (बहरे और कम सुनने वाले) |
| 3. | **Asstt. General Manager (Technical)** Rs. 67,300/- + CPI | Contract | **Total-01** **(Backlog Posts)** ST-01 |
| 4. | **Manager (Technical)** Level-12, (56100-177500) | Regular | **Total-06** SC-03, ST-01, EWS-02 |
| 5. | **Executive Assistant to Managing Director** Rs. 40,000/- + CPI | Contract | **Total-01** (दृष्टि बाधित और कम दृष्टिबाधित) |

**The General Terms and Conditions :-**

1. For Sn. 1 application submitted in the office of Chief General Manager (Admin.), MPRDC, 45-A, Arera Hills, Bhopal (MP) up to **13.01.2025**. Application not submitted in the prescribed format or incomplete in any respect shall stand rejected.
2. For Sn. 2 to 5, application should be submitted through **www.mponline.gov.in** only.
3. For Sn. 1 to 3 and 5 the selection will be made on the basis of merit-cum-interview and for Sn. 4 the selection will be made on the basis of any one year of GATE-2022/2023/2024 score.
4. For Sn. 1 to 3 and 5 on Contract basis initially for One year, which can be extended, based upon satisfactory performance and mutual consent as per the requirements of the MPRDC.
5. MD, MPRDC reserves the right to increase or decrease the positions (No. of post, based on actual position of required) advertised and to fill/not fill them from the merit/waiting list. MPRDC reserves the right not to declare any waiting list.
6. MD, MPRDC will have full right to accept or reject any or all applications without assigning any reason thereof.
7. For Sn. 2 to 5, the last date for submission of application and all details are to be published after confirmation of key dates from M.P. Online. All other details are mentioned on Rule Books.
8. All future Addendum/Corrigendum/Clarifications will be uploaded only the website of **www.mprdc.gov.in** or **www.mponline.gov.in.**

M.P. Madhyam/117782/2024 R-50346/2024 **DY. GENERAL MANAGER (HR)**

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 - A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011
Telephone No: 0755- 4853297, 0755- 4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com

NIT No. : 9892/GM/MPBDC/CW&DIS/24/NIT-62 Bhopal, Dated : 12.12.2024

### NOTICE INVINTING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works :-

1. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Balaghat - 02 Works - Total PAC - Rs. 722.20 Lacs
2. Various works of Revenue Department in District Chhindwara - 03 Works - Total PAC - Rs. 2166.63 Lacs
3. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Ujjain - 05 Works - Total PAC - Rs. 3414.46 Lacs
4. Various works of Revenue Department in District Mandsaur - 02 Works - Total PAC - Rs. 1441.94 Lacs
5. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Guna - 03 Works - Total PAC - Rs. 1973.24 Lacs
6. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Jabalpur - 05 Works - Total PAC - Rs. 3137.10 Lacs
7. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Raisen - 03 Works - Total PAC - Rs. 1704.93 Lacs
8. Various works of Revenue Department in District Vidisha - 03 Works - Total PAC - Rs. 2163.34 Lacs
9. Work of Revenue Department in District Narmadapuram - 01 Work - Total PAC - Rs. 722.21 Lacs
10. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Indore - 02 Works - Total PAC - Rs. 1832.24 Lacs
11. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Chhatarpur - 05 Works - Total PAC - Rs. 3420.60 Lacs
12. Work of Revenue Department in District Agarmalwa - 01 Work - Total PAC - Rs. 716.40 Lacs
13. Works of Revenue Department in District Neemuch - 02 Works - Total PAC - Rs. 1993.73 Lacs
14. Various works of Revenue and Higher Education Department in District Anuppur - 02 Works - Total PAC - Rs. 1290.88 Lacs
15. Construction of Academic Block-3 (G+2) at National Law University Bhopal - 01 Work - PAC - Rs. 801.02 Lacs
16. Providing, Supplying And Fixing of Furniture For C.M. Rise Schools of School Education Department (SED) in M.P. - 01 Work - PAC - Rs. 4226.00 Lacs
17. Dismantling of Buildings in Govt. Higher Secondary School Campus Silwani Dist. Raisen - 01 Work - PAC - Rs. 7.12 Lacs
18. Dismantling of Higher Secondary School Campus Mundi Dist. Khandwa - 01 Work - PAC - Rs. 2.62 Lacs

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online from 24.12.2024 at 18:00 hrs. to 13.01.2025 at 15:30 hrs (for S. No. 01 to 15 only), 19.12.2024 at 18:00 hrs. to 09.01.2025 at 15:30 hrs (for S. No. 16 only) and 18.12.2024 at 18:00 hrs. to 04.01.2025 at 15:30 hrs (for S. No. 17 & 18 only) from website **www.mptenders.gov.in**

PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/117786/2024 R-50351/2024 **MANAGING DIRECTOR**

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CO. LTD.

(Govt. of M.P. Undertaking)
16-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh, CIN : U45400MP2022SGC060277
Ph. No. : 0755-4853297, 4853295, E-mail : gm-mpbdc@mp.gov.in, Website : www.mpbdc.mp.gov.in

Ref./MPBDC/HR/Phase-10/2024-25/9885 Bhopal, Date : 12.12.2024

Madhya Pradesh Building Development Corporation Ltd. is a wholly Govt. owned company incorporated under the Companies Act 2013 and has its registered office at 16-A, Arera Hills, Bhopal. To meet the manpower requirement, MPBDC invites applications for following indicative posts from eligible candidates : -

| S.No. | Name of Post & Salary | Source | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 1. | Dy. General Manager (Civil) Rs. 79,900 + CPI or (Last Pay - Pension) | Deputation/Contract **(*Walk-in Interview)** | **Total–02*** PH: Open for all |
| 2. | Dy. General Manager (Architect) Rs. 79,900 + CPI or (Last Pay - Pension) | Deputation/Contract | UR-01 |
| 3. | Assistant General Manager (Design) Rs. 67,300 + CPI or (Last Pay - Pension) | Deputation/Contract | UR-01 |
| 4. | Assistant General Manager (Architect) Rs. 67,300 + CPI or (Last Pay - Pension) | Deputation/Contract | OBC-01 |
| 5. | Manager (Civil) L12 -GP 5400, Rs. 56,100-1,77,500 | Regular | PH-03#, OBC-01, SC-03, ST-04, EWS-02 |
| 6. | Manager (Architect) L12 -GP 5400, Rs. 56,100-1,77,500 | Regular | UR-01 |
| 7. | Manager (Design) L12 -GP 5400, Rs. 56,100-1,77,500 | Regular | UR-01 |
| 8. | Manager (Electrical) L12 -GP 5400, Rs. 56,100-1,77,500 | Regular | **Total-02** UR-01, OBC-01 |

**Note :** *Dy. General Manager (Civil): As per the instructions given in clause no. 2.5 of circular F-7-19/2019/A.P./01, dated 31.05.2024 of the Ministry of General Administration Department, as per the provisions of Section 34(2) of the Rights of Persons with Disabilities Act, if in a recruitment year, a candidate with the relevant disability is not available for the post marked for a disabled person, then the said vacancy will be carried forward to the next recruitment year and in case a candidate with the relevant disability is not available in the next year also, the process of mutual exchange can be done among other categories of disability and only when a disability is not available for the post in the said year also, the employer can fill the vacancy by appointing a person other than a disability.

#Manager (Civil): Total Vacancies 11 nos and 3 vacancies are specifically reserved for Divyangjan candidates (Blind-1/Deaf-1/Autism-1). **1 No. vacancy in the Unreserved (UR) category. Accommodation Process:** Divyangjan candidates will be accommodated in the vacancies available in the categories (UR, OBC, SC, ST, EWS) that they belong to. For example: If a Divyangjan candidate belongs to the UR/OBC/SC/ST category, and there is a vacant post in the UR/OBC/SC/ST category, they will be allocated that vacancy. Essentially, disabled candidates will be accommodated based on their category and the available vacancies in those categories.

*OBC (13%) – Out of 17 vacant post, 7 positions will be filled after the Order of the Hon'ble High Court and Government of Madhya Pradesh only.

**General Terms and Conditions :**

1. For Sl. No. 1 application will be submitted at HQ, MPBDC address (CEDMAP Building, 16-A, Arera Hills, Bhopal, MP-462011) as per application format available on MPBDC Portal. For Sl. No. 2-8: Application should be submitted through **www.mponline.gov.in** only.
2. All condition regarding required eligibility criteria, last date for submission of application and details are mentioned on the Rule Books, which are showing on **www.mponline.gov.in**
3. For Sn. 5 & 8, the selection will be made on the scores obtained in any one year of GATE Score (GATE-2022/GATE-2023/GATE-2024) in Civil Engineering/Electrical/Architect Paper. For Design candidate must be M. Tech Structure.
4. For Sl. No 1 to 4: Apply for Deputation / Contract basis: Follow the Rulebook.
5. The certificate being submitted by the application for EWS and other reservations must be in accordance with the standards approved by the Madhya Pradesh Government. MD, MPBDC will have full right to accept or reject any or all applications without assigning any reason thereof.
6. The last date for submission of application and all details are mentioned on the Rule Books, which are also showing on **www.mpbdc.mp.gov.in**
7. In the best interest of the organization, The MD, MPBDC reserves all rights in the recruitment process: to finalize or modify the terms and conditions of the vacancy; to adjust the number of posts/ category/ source of vacancies; to decide whether or not to publish the merit/waiting list; to issue or not to issue any corrigendum as required; to reject any application submitted by the applicant without assigning any reason.

M.P. Madhyam/117784/2024 R-50350/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER**

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री संभाग क्र. 01, कार्यालय भवन 1558
गोरखपुर थाने के पीछे ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी कटंगा
जबलपुर (म.प्र.), पिनकोड-482002, फोन नं. : 0761-3585341
E-mail : mpphcjabalpur@gmail.com

### निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्रमांक 01 के अंतर्गत जिला-छिंदवाड़ा में विभिन्न स्थानों पर **(खमरियामाल, पालरी, बुरीकला, कहुआ, बटकाखापा एवं झिरपा)** में मिडिल स्कूल एवं प्रायमरी स्कूल नवीन शाला भवनों के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08 वर्ष 2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2024_MPPHC_387610_1, 2024_MPPHC_387612_1 & 2024_MPPHC_387613_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.12.2024 तक** खरीद कर सायं 17:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/117733/2024 R-50340/2024 **परियोजना यंत्री**

# जॉब अलर्ट



### केंद्रीय भर्ती कक्ष सेना आयुध कोर केंद्र

**पद का नाम** - सामग्री सहायक (एमए), कनिष्ठ कार्यालय सहायक (जेओए), सिविल मोटर ड्राइवर (ओजी), टेलीफोन ऑपरेटर ग्रेड-II, फायरमैन, बढ़ई एवं ज्वॉइनर, पेंटर एवं डेकोरेटर, एमटीएस, ट्रेड्समैन मेट
**पदों की संख्या** - 389
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 दिसंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.aocrecruitment.gov.in

### भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड हैदराबाद

**पद का नाम** - प्रोजेक्ट इंजीनियर (इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस)
**पदों की संख्या** - 45
**योग्यता**- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित विषय में बीई/बीटेक/बीएससी की डिग्री
**अंतिम तिथि** - 20 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://bel-india.in

### बॉम्बे मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

**पद का नाम** - प्रोबेशनरी ऑफिसर्स, जूनियर एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट
**पदों की संख्या** - 135
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री।
**अंतिम तिथि** - 25 दिसम्बर 2024
**वेब.** - https://www.bmcbankltd.com

### संघ लोक सेवा आयोग

**पद का नाम** - असिस्टेंट कमांडेंट (सीआईएसएफ)
**पदों की संख्या** - 31
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री तथा अन्य शारीरिक योग्यताएं
**अंतिम तिथि** - 24 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://upsc.gov.in

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी

**पद का नाम** - जूनियर असिस्टेंट
**पदों की संख्या** - 22
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान होना आवश्यक।
**अंतिम तिथि** - 26 दिसम्बर 2024
**वेब.** - https://www.iitmandi.ac.in

### राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़

**पद का नाम** - सहायक प्रोफेसर
**पदों की संख्या** - 07
**योग्यता** - संबंधित विषय में पीएचडी या स्नातकोत्तर उपाधि
**अंतिम तिथि** - 20 दिसम्बर 2024
**वेब.** - https://www.nfsu.ac.in/career

### सैनिक स्कूल संबलपुर, ओडिशा

**पद का नाम** - टीजीटी (सामाजिक विज्ञान), अपर डिविजन क्लर्क, लोकल डिविजन क्लर्क, ड्राइवर
**पदों की संख्या** - 06
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://sainikschoolsambalpur.in

### राइट्स लिमिटेड

**पद का नाम** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस, डिप्लोमा अप्रेंटिस, ट्रेड अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 223
**योग्यता** - ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए इंजीनियरिंग डिग्री (बीई/बीटेक/बीआर्क), डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा और ट्रेड अप्रेंटिस के लिए संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीण होना अनिवार्य है।
**अंतिम तिथि** - 25 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.rites.com

### हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड

**पद का नाम** - वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ईएनटी), वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन) वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (जेरियाट्रिक मेडिसिन), वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ऑर्थो), वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ओ बी एवं जी) और (चिकित्सा अधिकारी (जनरल ड्यूटी)
**पदों की संख्या** - 06
**योग्यता** - एमबीबीएस तथा अन्य
**अंतिम तिथि** - 21 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://hal-india.co.in

### इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - असिस्टेंट मैनेजर
**पदों की संख्या** - 40
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 23 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.iifcl.in

### हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, उप कुलसचिव, चिकित्सा अधिकारी, निजी सचिव, निजी सहायक, रसोइया, रसोई परिचर, प्रयोगशाला सहायक, पुस्तकालय परिचर, बहुकार्य कर्मचारी, सांख्यिकी सहायक, अवर श्रेणी लिपिक, फार्मासिस्ट और चिकित्सा परिचर/ड्रेसर
**पदों की संख्या** - 13
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 22 दिसम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://cuhimachal.ac.in

### भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान

**पद का नाम** - तकनीशियन
**पदों की संख्या** - 10
**योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ 10 कक्षा उत्तीर्ण हो तथा आईटीआई से ट्रेड सर्टिफिकेट हो
**अंतिम तिथि** - 26 दिसम्बर 2024
**वेब.** - https://www.iict.res.in/career

## स्कॉलरशिप

### कोटक कन्या स्कॉलरशिप 24-25

**संस्थान का नाम** - कोटक शिक्षा फाउंडेशन
**योग्यता**- भारतीय विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों अथवा उसके समकक्ष सीजीपीए प्राप्त किए हों। साथ ही आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय छह लाख रुपये से कम हो।
**छात्रवृत्ति राशि** - प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपये तक
**अंतिम तिथि** - 20 दिसंबर 2024
**वेबसाइट** - https://www.kotakeducationfoundation.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

हमारा जिला: सागर

# शिक्षा, चिकित्सा, हाथकरघा और विज्ञान प्रयोग के लिये विशिष्ट पहचान रखता है बुंदेलखंड का सागर

**मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के 'हमारा जिला' स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से आपको परिचित करवायेंगे। इस अंक में प्रस्तुत है सागर जिले का परिचय-**



सागर जिला मध्यप्रदेश के उत्तर मध्य क्षेत्र में बसा हुआ है। यह जिला देश के केंद्र में स्थित है। जिले के दक्षिणी भाग से होकर कर्क रेखा गुजरती है। इसके नाम की उत्पत्ति हिन्दी सागर शब्द से हुई है, जिसका अर्थ है झील या समुद्र। सागर जिले का निर्माण एक बड़ी और सुन्दर झील के चारों ओर किया गया है। यह कृषि एवं व्यापार का भी प्रमुख केंद्र है। यहां तेल, आटा पिसाई, घी प्रसंस्करण, हथकरघा, कपास बुनाई, बीड़ी निर्माण और रेलवे इंजीनियरिंग के उद्योग हैं। सागर का डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय और सेना की छावनी प्रसिद्ध है। यहां पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज तथा फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला भी है।

सागर एक मैदानी क्षेत्र है जिसमें निचले क्षेत्र में जंगली पहाड़ हैं। यहां सोनार नदी प्रमुख जल स्रोत है। गेहूं, चना, सोयुम और तिलहन, इस क्षेत्र की प्रमुख फसलें हैं। यहां बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, लौह अयस्क और अभ्रक की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। एरन के पुरातात्विक स्थल से गुप्त काल के कई शिलालेख का पता चलता है। यह अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग बाहुल्य जिला है।

### इतिहास

सागर शहर 1660 ई. में उड़ान शाह द्वारा स्थापित किया गया। उन्होंने एक छोटा सा किला बनवाया था जो परकोटा कहलाता है। इसके बाद पेशवा के शासन काल में पेशवा के अधिकारी निपटान गोविंद राव पंडित ने बनवाया। 1818 में यहां का बड़ा भाग अंग्रेजों के हाथ में चला गया।

प्रशासकीय दृष्टी से सागर और उसके आसपास के स्थानों में बहुत ज्यादा बदलाव हुए। पहले सागर क्षेत्र बुंदेलखंड के राजनीतिक मामलों के अधीक्षक के प्रशासन में था। बाद में 1820 में इसे गवर्नर जनरल के प्रशासन में रखा गया। वर्ष 1861 में सागर और नर्मदा क्षेत्र को नागपुर राज्य के साथ-साथ कमिश्नरी में शामिल किया गया। सागर एक छोटी अवधी के लिए कमिश्नर का मुख्यालय रहा। 1932 में दमोह सागर जिले में जोड़ा गया। बाद में इसे अलग जिला बना दिया गया। उस समय सागर में सिर्फ चार ही तहसील थी, सागर, खुरई, रहली, और बांदा। वर्तमान में सागर जिले में 12 तहसीलें हैं।

### आबचंद की गुफाएं


आबचंद की गुफाएं सागर शहर से लगभग 35 किलोमीटर पूर्व की ओर सागर-



दमोह मार्ग पर स्थित हैं। यहां लगभग एक दर्जन शैल गुफाएं हैं। ये गुफाएं गधेरी नदी की घाटी में आबचंद के रक्षित वन की घनी झाड़ियों वाले क्षेत्र में हैं। जो गदेरी नदी के पानी से पहाड़ काट कर बनी हैं। इन गुफाओं में पाए गए शैल चित्रों में भी उसी प्रकार की रंगीन चित्रकारी की गई है, जैसी सिघनपुर में आदमगढ़ में प्राप्त हुई हैं। आबचंद के शैलचित्रों में पुरामनाव की लोक चित्रकला अंकित है। सबसे बड़ी गुफा करीब 40 फीट लंबी है। यहां साल में एक बार मकर संक्रांति पर मेला लगता है जिसे गुफा मेला कहते हैं।

### गढ़पहरा

गढ़पहरा को पुराना सागर भी कहते हैं जो डांगी राज्य की राजधानी था। यह झांसी



मार्ग पर सागर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसकी प्राचीनता गौंड शासक संग्रामसिंह के समय से मानी जाती है। उस समय गढ़पहरा एक गढ़ था। बाद में डांगी राजपूतों ने इस भाग को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया। कम ऊंचाई के क्षेत्र पर निर्मित किले के खंडहरों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। यहां डांगी शासकों के ग्रीष्म आवास शीश महल के अवशेष भी हैं। इसका संबंध राजा जयसिंह से जोड़ा जाता है। मान्यता है कि दो सौ साल पहले राजा जयसिंह इसमें निवास करते थे।

### एरण, तहसील खुरई

एरण एक ऐतिहासिक स्थान है। प्राचीन सिक्कों पर इसका नाम ऐरिकिण लिखा



है। एरण में वाराह, विष्णु तथा नरसिंह मन्दिर स्थित हैं। एरण, सागर से करीब 90 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां सड़क मार्ग तथा ट्रेन दोनों से पहुंचा जा सकता है। सागर-दिल्ली रेलमार्ग के एक महत्वपूर्ण जंक्शन बीना से करीब 25 किलोमीटर है। बीना और रेवता नदी के संगम पर स्थित एरण का नाम यहां अत्यधिक मात्रा में उगने वाली 'एराका' नामक घास के कारण रखा गया है।

### रानगिर, तहसील रहली

रानगिर में विराजी मां हरसिद्धी लोगों की आस्था का केंद्र हैं। एक किंवदंति



प्रचलित है कि यह मंदिर पहले रानगिर में नहीं था नदी के उस पार देवी जी रहती थीं। माता, कन्याओं के साथ खेलने के लिए आया करती थीं। एक दिन गांव के लोगों ने देखा कि यह कन्या सुबह खेलने आती है और शाम को कन्याओं को एक चांदी का सिक्का देकर बूढ़ी रानगिर को चली जाती हैं। उसी दिन हरसिद्धि माता ने सपना दिया कि मैं हरसिद्धि माता हूं, बूढ़ी रानगिर में रहती हूं। यदि बूढ़ी रानगिर से रानगिर में ले जाया जाए तो रानगिर हमारा नया स्थान होगा। रानगिर में बेल वृक्ष के नीचे हरसिद्धि मां की प्रतिमा मिली। लोग बेल की सिंहासन पर बैठाकर उन्हें सायंकाल रानगिर ले आए।

### सागर तालाब

सागर झील 82 हेक्टेयर क्षेत्र के साथ सागर शहर के केंद्र में स्थित है। यह एक उथली, छोटी जलग्रहण वाली बरसाती झील है। संपूर्ण झील को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है, 68 हेक्टेयर क्षेत्र और 14 हेक्टेयर के एक छोटे से बेटलैंड में मुख्य झील। मुख्य झील अच्छी तरह से दक्षिणी घाटों को छोड़कर, चारों ओर से बड़ी संख्या में घाटों, घरों, सड़कों और एक पत्थर की बाड़ की दीवार से सुरक्षित



है। झील के पानी का उपयोग स्नान, कपड़े धोने, मनोरंजन, नेविगेशन, ट्रेपा की खेती आदि के लिए किया जाता है।

### राहतगढ़ जल प्रपात

भोपाल सागर रोड पर सागर से 60 किलोमीटर पश्चिम में एक छोटा सा शहर जंगी प्राचीर, उसके द्वार, इसके महलों, मंदिरों और मस्जिदों के खंडहरों के लिए प्रसिद्ध है। यह बीना नदी के किनारे पर स्थित है, जो इस बिंदु पर चौदह मेहराबों के एक शानदार पुल से पार किया गया है, यह 1863 में पूरा हुआ। शहर के पास राहतगढ़ का प्रसिद्ध किला है। बाहरी दीवार में 26 विशाल मीनारें हैं, जिनमें से कुछ का उपयोग पर्दे की दीवारों से जुड़े आवासों के रूप में किया गया था। किले से दो मील दूर सुरम्य वातावरण में लगभग 50 फीट ऊंचा झरना है।

### नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य सागर, दमोह और नरसिंगपुर जिलों के त्रिभुज में



स्थित है। यह एक अद्वितीय संरक्षित क्षेत्र है जो दो प्रमुख नदी घाटियों गंगा और नर्मदा से घिरा है। इसका तीन चौथाई यमुना में और एक चौथाई नर्मदा बेसिन में पड़ता है। यहां जैव विविधता देखी जा सकती है। अभयारण्य में सरीसृपों की विविधता है। यहां के महत्वपूर्ण निवासी और प्रवासी पक्षी समूहों में स्टॉर्क (चित्रित, एडजुटेंट, ओपनबिल्ड), क्रेन, एग्रेस, लापविंग्स, गिद्ध, पतंग, उल्लू, किंगफिशर, ईगल, पैट्रिज, बटेर, कबूतर आदि हैं। जिसमें सबसे दुर्लभ पक्षी स्पोटेड ग्रे कीपर (सालपोनिस स्पिलोनोटोस) है। यहां टाइगर, पैंथर्स, इंडियन वुल्फ, वाइल्डडॉग, जैकल, ग्रे फॉक्स, कॉमन ओटर आदि भी हैं। इस अभयारण्य में विभिन्न प्रजातियों की समृद्धता है।

**- देवेन्द्र गोरे**
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

# खेल चर्चा

## कुश मैनी ने जीती एफ-2 कंस्ट्रक्टर्स चैम्पियनशिप

**अबुधाबी,** भारतीय कार रेसर कुश मैनी ने फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स चैम्पियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया है। कुश एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय कार रेसर बन गए हैं। कुश के लिए फॉर्मूला-2 का यह सत्र बेहद शानदार रहा है। कुश ने इस सत्र में एक रेस जीती है, जबकि पांच रेसों में वह पहले तीन स्थानों पर रहते हुए पोडियम फिनिशर करने में सफल रहे हैं। कुश फॉर्मूला-2 में इनविक्टा रेसिंग टीम के लिए रेसिंग करते हैं। इनविक्टा रेसिंग ने इस सत्र में 288.5 अंकों के साथ टीम चैम्पियनशिप अपने नाम की है, वहीं कैम्पोस रेसिंग टीम 254 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। कुश के टीम साथी गेब्रियल बोर्टोलेतो ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए ड्राइवर्स चैम्पियनशिप अपने नाम की।

विश्व शतरंज चैम्पियनशिप

# गुकेश बने सबसे युवा शतरंज चैम्पियन

**सिंगापुर,** भारत के 18 वर्षीय युवा शतरंज ग्रैंडमास्टर डोम्माराजू (डी) गुकेश शतरंज के नए विश्व चैम्पियन बन गए हैं। सिंगापुर में आयोजित फिडे विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में गुकेश ने 14 बाजियों तक चले कड़े मुकाबले में चीन के गत चैम्पियन डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर खिताब जीता। गुकेश ने 14 राउंड में से 3 राउंड जीते वहीं लिरेन दो राउंड ही जीत सके, जबकि नौ राउंड ड्रॉ रहे। गुकेश विश्व शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

विश्व चैम्पियनशिप में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला रहा। मुकाबले में गुकेश की शुरुआत सही नहीं रही। डिंग लिरेन ने पहले राउंड में गुकेश को हराकर शानदार शुरुआत की। तीसरे राउंड में गुकेश ने लिरेन को हराकर शानदार वापसी की। इसके बाद चौथे, पांचवें, छठवें, सातवें, आठवें, नौवें और दसवें राउंड में दोनों खिलाड़ी बराबर रहे। ग्यारहवें राउंड में गुकेश ने बाजी जीतकर पहली बार बढ़त हासिल की, लेकिन लिरेन ने हार नहीं मानी और बारहवां राउंड जीतकर मुकाबले को फिर रोचक बना दिया। तेरहवां राउंड फिर ड्रॉ रहा, जिससे मुकाबला चौदहवें और आखिरी राउंड में गया।



- **गुकेश 18 वर्ष की आयु में विश्व चैम्पियनशिप के सबसे युवा चैम्पियन बने।**
- **इससे पहले यह रिकॉर्ड रूस के दिग्गज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव के नाम था।**
- **कास्पारोव ने वर्ष 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर 22 वर्ष की आयु में जीता था यह खिताब।**
- **विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व शतरंज चैम्पियनशिप जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं गुकेश। आनंद पांच बार बने हैं विश्व शतरंज चैम्पियन।**

आखिरी राउंड में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह मुकाबला टाईब्रेकर में जाएगा, लेकिन गुकेश के शानदार खेल के सामने लिरेन गलती कर बैठे और 55वीं चाल में गलत मूव खेल बैठे। गुकेश ने लिरेन की इस गलती का फायदा उठाया और खिताब जीत लिया।

इस वर्ष गुकेश ने तीन खिताब जीते हैं। गुकेश ने इस वर्ष अप्रैल में फिडे कैंडिडेट खिताब जीतकर विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में जगह बनाई थी, वहीं गुकेश सितंबर में शतरंज ओलिंपियाड जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे। अब गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के रूप में अपना तीसरा खिताब जीता है।

## शम्मी सिल्वा बने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष

**कोलंबो,** श्रीलंका के शम्मी सिल्वा एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के नए अध्यक्ष बन गए हैं। सिल्वा को भारत के जय शाह की जगह एसीसी का अध्यक्ष चुना गया है। जय शाह ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाला है, जिस वजह से एसीसी अध्यक्ष पद खाली हो गया था। सिल्वा इससे पहले भी एसीसी की कार्यसमिति का हिस्सा रह चुके हैं। वह इससे पहले एसीसी की वित्त और विपणन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## सबालेंका बनीं डब्ल्यूटीए की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**सेंट पीटर्सबर्ग,** बेलारूस की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को डब्ल्यूटीए की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। सबालेंका को बतौर इनाम एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। सबालेंका अभी दुनिया की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। सबालेंका ने पोलैंड की ईगा स्वितेक को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता है। सबालेंका ने इस वर्ष दो ग्रैंडस्लैम और दो अन्य डब्ल्यूटीए खिताब जीते हैं। सबालेंका ने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया ओपन अपने नाम किया, वहीं सितंबर 2024 में वह अमेरिकी ओपन जीतने में भी कामयाब रही।

फीफा विश्वकप-2034

# सऊदी अरब करेगा विश्वकप की मेजबानी

**म्युनिख,** फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने वर्ष 2030 और 2034 में खेले जाने वाले फीफा फुटबॉल विश्वकप के मेजबानों का ऐलान कर दिया है। फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो ने बताया कि वर्ष 2030 में फीफा फुटबॉल विश्वकप स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा जबकि सऊदी अरब वर्ष 2034 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

इनफैनटिनो ने कहा कि वर्ष 2030 का फीफा विश्वकप तीन महाद्वीपों के 6 देशों में खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वकप के लिए यूरोप महाद्वीप के दो देश स्पेन और पुर्तगाल, अफ्रीका महाद्वीप के मोरक्को तथा दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे का चुनाव किया गया है। उन्होंने कहा कि फीफा विश्वकप -2030 की आधिकारिक मेजबानी स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को के पास रहेगी।

फीफा ने कहा कि वर्ष-2030 में फीफा विश्वकप के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इसलिए फीफा विश्वकप-2030 के कुछ मैच दक्षिण अमेरिका में खेले जाएंगे। फीफा ने कहा कि उरुग्वे ने वर्ष 1930 में फीफा विश्वकप के पहले संस्करण की मेजबानी की थी, इसलिए ठीक 100 वर्ष बाद उरुग्वे फीफा विश्वकप-2030 के पहले मैच (वर्षगांठ मैच) की मेजबानी भी करेगा।



### ब्राजील में खेला जाएगा महिला विश्वकप-2027

फीफा की वार्षिक बैठक में फीफा महिला विश्वकप-2027 के मेजबान की घोषणा भी की गई। फीफा महिला विश्वकप-2027 की मेजबानी ब्राजील को सौंपी गई है। यह पहला अवसर है जब दक्षिण अमेरिका के किसी देश में फीफा महिला विश्वकप आयोजित होगा।

## बेसबॉल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने जुआन सोटो

**न्यूयॉर्क,** डोमिनिका गणराज्य के खिलाड़ी जुआन सोटो बेसबॉल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। जुआन ने अमेरिकी बेसबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग बेसबॉल की टीम न्यूयॉर्क मेट्स के साथ अगले 15 वर्षों के लिए 765 मिलियन डॉलर (लगभग 6492 करोड़ रुपये) का करार किया है। यह बेसबॉल के इतिहास का सबसे बड़ा करार है। इस करार के तहत जुआन को हर वर्ष 432 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा उन्हें 636 करोड़ रुपये का बोनस भी मिलेगा।

## लेंडो नॉरिस ने जीती वर्ष की आखिरी फॉर्मूला-वन रेस

**अबुधाबी,** ब्रिटेन के कार रेसर लेंडो नॉरिस ने वर्ष की आखिरी फॉर्मूला-वन रेस जीत ली है। मैक्लेरेन मर्सिडीज टीम के लिए रेसिंग करने वाले नॉरिस ने 58 लैप की यह रेस एक घंटा 26 मिनट 33.291 सेकेंड में पूरी की। रेस में कार्लोस सेंज दूसरे, चार्ल्स लेक्लर्क तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे और जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे। इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाले मैक्स वर्स्टपिन रेस में छठवें स्थान पर रहे।

वर्ल्ड गोल्फ खिताब

# स्कॉटी शेफलर बने विजेता

**अल्बानी,** अमेरिकी गोल्फर स्कॉटी शेफलर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। शेफलर ने टूर्नामेंट के अंतिम दौर में 9 अंडर 63 का स्कोर बनाया और खिताब पर कब्जा किया। इस टूर्नामेंट में चार दौर के बाद शेफलर का कुल स्कोर 25 अंडर 263 था। शेफलर ने दक्षिण कोरिया के टॉम किम को 6 शॉट के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के महान गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स ने शेफलर को विनिंग ट्रॉफी प्रदान की। खिताबी जीत दर्ज करने के बाद शेफलर ने कहा कि यह ट्रॉफी जीतना मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि यह टूर्नामेंट टाइगर वुड्स के इवेंट के रूप में जाना जाता है। टूर्नामेंट में जस्टिन थॉमस तीसरे स्थान पर रहे, जबकि भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया चौथे स्थान पर रहे।

- **शेफलर ने वर्ष 2023 में भी जीता था यह खिताब।**
- **शेफलर लगातार दो बार यह खिताब जीतने वाले तीसरे गोल्फर हैं।**

## बड़ौदा ने बनाया ट्वेंटी-20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर

**इंदौर,** बड़ौदा की क्रिकेट टीम ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बड़ौदा ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा और सिक्किम के बीच खेले गए मैच में बड़ौदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 349 रनों का विशाल स्कोर बनाया। मैच में बड़ौदा के लिए भानू पूनिया ने 51 गेंदों में 134 रनों की पारी खेली वहीं अभिमन्यु सिंह राजपूत (53), शिवालिक शर्मा (55) और विष्णु सोलंकी (50) ने भी ताबड़तोड़ पारियां खेलीं। बड़ौदा के विशाल स्कोर के सामने सिक्किम की टीम दबाव में रही और 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 86 रन ही बना सकी। इससे पहले ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम था। जिम्बाब्वे ने इस वर्ष गाम्बिया के खिलाफ ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 4 विकेट खोकर 344 रन बनाए थे। हालांकि जिम्बाब्वे का यह रिकॉर्ड ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब भी बरकरार है।

एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में

# भारतीय खिलाड़ियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम को सम्मानित किया। भारतीय टीम ने 10वें एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीते हैं। यह वर्ष 2015 में उनकी पिछली भागीदारी की तुलना में 11 गुना अधिक है।

प्रतियोगिता में 42 पुरुषों और 26 महिलाओं सहित 68 सदस्यीय भारतीय टीम ने 8 स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य पदक सहित कुल 55 पदक जीतकर 21 देशों के बीच पांचवां स्थान हासिल किया, जो टूर्नामेंट में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले, भारतीय टीम ताइवान (वर्ष 2015) में 5 पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत) जीतकर 23 देशों में से नौवें स्थान पर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर विशेष बातचीत के दौरान कोचों और सहयोगी स्टाफ सहित भारतीय टीम को बधाई दी। डॉ. मांडविया ने भारतीय दल को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मलेशिया में एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीतकर देश का गौरव और सम्मान बढ़ाने के लिए भारतीय बधिर टीम को बधाई देना चाहता हूं। देश खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार खेल के बुनियादी ढांचे, प्रशासन और विशेष कोचिंग में सुधार के लिए कई पहल कर रही है।



- **भारतीय टीम ने एथलेटिक्स में 28 पदक जीते, जो अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।**
- **भारत को बैडमिंटन में 6 पदक और शतरंज में 3 पदक मिले हैं।**
- **जूडो में 7 पदक तथा टेबल टेनिस में 3 पदक प्राप्त किए।**
- **भारत ने कुश्ती में 8 पदक हासिल किए।**

# ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा भारतीय बने आरित

**नई दिल्ली,** भारत के नौ वर्षीय खिलाड़ी आरित कपिल ने शतरंज में नया कीर्तिमान अपने नाम किया है। आरित ने केआईआईटी इंटरनेशनल शतरंज ओपन टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिका के ग्रैंडमास्टर और 66 वर्षीय खिलाड़ी रासेट जियातदीनोव को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया है। इस जीत के साथ ही आरित शतरंज ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आरित ने यह उपलब्धि महज नौ वर्ष, दो महीने और 18 दिन की आयु में हासिल की।

प्रतियोगिता के क्लासिकल टाइम कंट्रोल राउंड में जियातदीनोव ने आरित को कड़ी टक्कर दी। मुकाबले में सफेद मोहरों से खेल रहे आरित ने बेहतरीन खेल दिखाया और महज 63 चालों में जियातदीनोव को हरा कर नया इतिहास लिख दिया। शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले दुनिया के सबसे कम आयु के खिलाड़ी सिंगापुर के अश्वथ पटेल हैं। अश्वथ ने इस वर्ष की शुरुआत में पोलैंड के जेसेक स्तूपा को हराकर यह उपलब्धि हासिल की थी।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

## राष्ट्रपति पुतिन ने की "इंडिया फर्स्ट नीति" की सराहना

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15वें वीटीबी रूस कॉलिंग इन्वेस्टमेंट फोरम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'इंडिया फर्स्ट' नीति और मेक इन इंडिया पहल की प्रशंसा की। राष्ट्रपति पुतिन ने विकास के लिए स्थिर माहौल को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन नीतियों ने भारत के विकास में योगदान दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने जोर देकर कहा कि विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू की



गई मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति को चिन्हित किया है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर स्थिति बनाने को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू की गई आर्थिक पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर विशेष ध्यान दिया गया।

## ट्रंप प्रशासन में रॉडने होंगे सीमा सुरक्षा विभाग प्रमुख

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा सुरक्षा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग के प्रमुख के तौर पर रॉडने स्कॉट तथा आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग के प्रमुख पद के लिए कैलेब विटेलो को नामित किया है। विटेलो हाल में आग्नेयास्त्र और सामरिक कार्यक्रमों के सहायक निदेशक रहे हैं। स्कॉट और विटेलो के अलावा ट्रंप ने आव्रजन संबंधी टीम में गृह-सुरक्षा विभाग के प्रमुख के रूप में साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम, पूर्व कार्यवाहक आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन प्रमुख टॉम होमन को बॉर्डर जार और कठोर आव्रजन नीतियों के कट्टर समर्थक स्टीफन मिलर को डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नामित किया है। सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा में लगभग 60 हजार कर्मचारी हैं और यह एजेंसी गृह सुरक्षा विभाग के अंतर्गत आती है।

## अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में फंसे छह महीने पूरे

अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में फंसे हुए छह महीने हो गए। उन्हें अभी दो और महीने वहां गुजारने पड़ेंगे। ये दोनों पांच जून को कक्षा में पहुंचे थे। दोनों को एक सप्ताह अंतरिक्ष में रहकर पृथ्वी पर वापस लौट आना चाहिए था।

यूक्रेन-रूस संघर्ष

## ट्रंप का युद्ध विराम का आह्वान

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन-रूस युद्ध में तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान किया। ट्रंप का युद्ध विराम का प्रस्ताव यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के बाद आया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन एक हजार दिन से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करना चाहता है। इस प्रस्ताव पर रूस ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को के लंबे समय से चले आ रहे संदेश को दोहराया कि वह यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार है। इसी तरह का बयान यूक्रेन की तरफ से भी आया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एलआईसी की बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ

# हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए असाधारण कदम उठाए हैं- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप भारतीय जीवन बीमा निगम की 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 1947 से लेकर अभी तक हर वर्ग और हर क्षेत्र की ऊर्जा ने भारत को इस ऊंचाई पर पहुंचाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को प्राप्त करने के लिए भारत को ऊर्जा के कई नए स्रोतों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति महिला स्वयं सहायता समूह, बीमा सखी, बैंक सखी, कृषि सखी के रूप में ऊर्जा का एक और महत्वपूर्ण स्रोत है जो विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा।

### हर बाधा को दूर करना जरूरी

प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान करना और उनकी राह में आने वाली हर बाधा को दूर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तो देश के लिए अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की बेटियां सेना की अग्रिम पंक्ति में तैनात की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में भारत की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में किसानों और पशुपालकों के 1200 उत्पादक संघ या सहकारी समितियां हैं, जिनका नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं।



*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत में 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया*

### 30 करोड़ महिला खातों पर गर्व

बीमा सखी कार्यक्रम की नींव वर्षों की कड़ी मेहनत और तपस्या पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आजादी के 6 दशक बाद भी महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, इसलिए महिलाएं पूरी बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थीं। जन-धन योजना से 30 करोड़ महिलाओं के खाते खोले गये ताकि गैस सब्सिडी जैसी सब्सिडियां परिवार के जिम्मेदार हाथों तक पहुंचे।

### इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा

प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में भारत में ग्रामीण महिलाओं के लिए बनाई गई क्रांतिकारी नीतियां और नीतिगत निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि भले ही बीमा सखी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी जैसे नाम सरल और सामान्य लगते हों, लेकिन वे भारत का भाग्य बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वयं सहायता समूह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण को देखते हुए इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को एक बड़ा माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और पिछले एक दशक में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की मदद दी गई है।

## बुर्किना फासो में सरकार भंग

बुर्किना फासो में सत्तारुढ़ जुंटा ने एक आदेश जारी कर प्रधानमंत्री अपोलिनायर जोआचिम काइलेम डी तम्बेला को बर्खास्त कर दिया और सरकार भंग करने की घोषणा की।

जुंटा के नेता इब्राहिम ट्रॉरे ने कहा कि भंग की गई सरकार के अधिकारी नयी सरकार बनने तक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। हालांकि यह कदम क्यों उठाया गया इस बारे में जानकारी नहीं दी गई।

बुर्किना फासो में लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी सैंडागो दामिबा ने तख्तापलट कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति रोच मार्क काबोरे सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था, जिसके आठ महीने बाद सितंबर 2022 में जुंटा ने लेफ्टिनेंट कर्नल दामिबा से सत्ता कब्जा ली थी।

बुर्किना फासो उन पश्चिमी अफ्रीकी देशों में से एक है, जहां हाल ही में सेना ने सुरक्षा मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई पूर्ववर्ती सरकारों के प्रति लोगों के असंतोष का फायदा उठाते हुए सत्ता कब्जाई है।

## सीरिया में तख्तापलट, 50 साल के शासन का अंत

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत हो गया और लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया।



सीरियाई सरकारी टेलीविजन चैनल ने कुछ लोगों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया है जिसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि राष्ट्रपति बशर-अल असद को सत्ता से बाहर कर दिया गया है और जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा करा दिया गया है। वीडियो में बयान पढ़ रहे व्यक्ति ने कहा कि 'ऑपरेशंस रूम टू कॉन्कर दमिश्क' ने सभी विपक्षी लड़ाकों और नागरिकों से "स्वतंत्र सीरियाई देश" की सरकारी संस्थाओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया है। इससे कुछ घंटों पहले सीरियाई विपक्षी युद्ध निगरानी संस्था के प्रमुख ने दावा किया कि असद देश छोड़कर किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। वहीं सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सीरियाई नागरिकों से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया।

उन्होंने सऊदी टेलीविजन नेटवर्क अल-अरबिया को बताया कि असद से उनका संपर्क नहीं पो पाया है। संयुक्त अरब अमीरात के एक वरिष्ठ राजनयिक ने भी बहरीन में एक सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर असद के ठिकाने के बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## शेख मुजीबुर्रहमान की फोटो बांग्लादेशी मुद्रा से हटाई जाएगी

बांग्लादेश की मुद्रा से इस देश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटाया जाएगा। उसकी जगह जुलाई में हुए आंदोलन की तस्वीर मुद्रा पर होगी।

शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के महीनों बाद ये प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बांग्लादेश बैंक नए नोट छाप रहा है, जिनमें जुलाई विद्रोह की तस्वीरें शामिल हैं। केंद्रीय बैंक के अनुसार, अंतरिम सरकार के निर्देश पर 20, 100, 500 और 1,000 टका के बैंक नोट छापे जा रहे हैं। नए नोटों में 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर नहीं होगी। बांग्लादेश बैंक की कार्यकारी निदेशक हुस्नेरा शिखा के हवाले से कहा



गया कि उम्मीद है कि छह माह में नया नोट बाजार में जारी किया जा सकता है।

### कोलकाता व्यापार मेले में नहीं आए व्यापारी

बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच पड़ोसी देश के व्यापारी कोलकाता व्यापार मेले में नहीं आए। स्थानीय व्यापारियों ने उनके स्टॉल का प्रबंधन संभाला। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि बांग्लादेशी व्यापारी वीजा नहीं हासिल कर सके।

## ताइवान के पास चीन के विमान और पोत दिखे

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने ताइवान के आसपास चीनी सैन्य विमान, नौसेना जहाज और सरकारी जहाजों की मौजूदगी की पुष्टि की।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के सात सैन्य विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तर-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने इस पर वायु और नौसेना के जहाजों को तैनात कर दिया।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।